卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 92 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦9 जनवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## क्लोरीन गैस रिसाव से हड़कम्प

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रेम नगर थाना क्षेत्र के झांजरा इलाके में क्लोरीन गैस रिसाव से हड़कम्प मच गया। सूचना पर तत्काल फायर कर्मियों की टीम घटनास्थल पर पहुंची तथा घटना के संबंध में एनडीआरएफ तथा एसडीआरएफ की टीमों को सूचित करते हुए मौके पर बुलाया गया। घटना की सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून अजय सिंह ने खुद मौके पर पहुंचते हुए रेस्क्यू कार्यो का जायजा लिया और उपस्थित अधिकारियों का आवश्यक दिशा निर्देश दिए।रेस्क्यू टीमों द्वारा मौके पर राहत बचाव कार्य प्रारंभ करते हुए आस-पास के क्षेत्र में स्थित घरों से लोगों को रेस्क्यू पर करते हुए सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। साथ ही मौके से गैस सिलेंडरों को डिस्पोज की कार्रवाई की गयी। खाली प्लॉट में गैस सिलेंडरो को किन कारणों से रखा गया था, इस संबंध में जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार राजधानी देहरादून के झांझरा इलाके में तड़के सुबह क्लोरीन गैस के रिसाव होने की सूचना से हड़कंप बच गया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस बल फायर सर्विस के जवान और एसएसपी स्वयं मौके पर पहुंच गए। दो से तीन लोगों के गैस के प्रभाव में आने से बेहोश होने की खबर है जिन्हें (शेष पृष्ठ सात पर)



## अतिक्रमण की जद में आ रहा होली ग्राउंड का आधा हिस्सा ध्वस्त

हल्द्वानी। बीती रात नगर निगम प्रशासन व लोक निर्माण विभाग ने संयुक्त अभियान चलाकर अतिक्रमण की जद में आ रहे शहर के सबसे पुराने होली ग्राउंड के आधे हिस्से को ध्वस्त कर दिया। लाव लस्कर के साथ पहुंची संयुक्त टीम ने चिन्हित



एरिया को कब्जे में ले लिया। रात को अतिक्रमण हटाने के बाद मंगलवार सुबह लोक निर्माण विभाग विभाग द्वारा बचे हुए हिस्से का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। इस दौरान लोनिवि एवं नगर निगम के कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में पेपर मिलकर्मी की मौत

काशीपुर(उद संवाददाता)। पेपर मिल में मजदूरी करने वाले एक युवक को अनियंत्रित वाहन के चालक ने तेजी व लापरवाही से टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक मूल रूप से पुराना इसिवा, थाना सरमेरा, पोस्ट इसिवा (नया), जनपद नालंदा बिहार तथा हाल निवासी खड़कपुर देवीपुरा थाना आईटीआई निवासी 30 वर्षीय अनुज महतो पुत्र बोरन महतो पिछले लगभग छह वर्ष के करीब से अलीगंज रोड स्थित बहल पेपर मिल में ठेके में मजदूरी करता था। सोमवार शाम ड्यूटी छूटने के बाद वह सड़क पार कर रहा था इसी दौरान एक काले रंग की बगैर नंबर की गाड़ी के चालक ने तेजी व लापरवाही से मजदूर को टक्कर मार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने मौके पर पहुंचकर सड़क पर गिरकर तड़प रहे घायल मजदूर को तत्काल उपचार के लिए राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया। यहां हालत नाजुक देख जब चिकित्सकों ने हाथ खड़े कर दिए तो आनंद फानन में घायल मजदूर को मानपुर रोड स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहां रात्रि लगभग 8 बजे जीवन मृत्यु से संघर्ष करते हुए उसने दम तोड़ दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी हेमा देवी के अलावा पांच पुत्रियों समेत भरा पूरा परिवार पीछे छोड़ दिया। अचानक घटी घटना को लेकर मृतक के परिवार में मचा है।



## अनियंत्रित कार दुर्घटनाग्रस्त, दो लोग गंभीर

किच्छा(उद संवाददाता)। बाई पास हल्द्वानी रोड काली मंदिर तिराहे के पास एक क्रेटा कार के अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो जाने से उसमें सवार दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना के दौरान कार में आग भी लग गई।दुर्घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों को बाहर निकाल कर स्थानीय सी एच सी सेंटर भिजवाया तथा फायर ब्रिगेड को बुलाकर आग पर काबू पाया गया। वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद सिंह फर्त्याल ने जानकारी देते हुए बताया कि क्रेटा कार संख्या यूके 04टी 9103 जिसमे खटीमा निवासी 28 वर्षीय धीरज पांडे पुत्र स्वर्गीय भुवन पांडे, 29 वर्षीय यश सामंत पुत्र दीवान सिंह सामंत सवार थे जो कि किच्छा से लाल कुआ की ओर जा रहे थे। अचानक कार अनियंत्रित होकर वैरियर तोड़ते हुए पास ही चल रहे निर्माण कार्य के बीम से जा टकराई जिससे कार के परखच्चे उड़ (शेष पृष्ठ सात पर)





## लकड़ी की टाल पर वन विभाग और पुलिस का छापा

गदरपुर(उद संवाददाता)। वन विभाग और मिलकखानम पुलिस ने संयुक्त रूप से मंगलवार को मजरा शीला रोड पर स्थित एक अवैध रूप से चल रही लकड़ी की टाल पर छापेमारी की जहां से अवैध रूप से 50 कुंतल लकड़ी वन विभाग की टीम अपने साथ ले गई। जानकारी के अनुसार मिलक खानम सलारपुर वन विभाग के रेंजर मुजाहिद हुसैन, डिप्टी रेंजर कुंदन सिंह भंडारी मिलक खानम पुलिस के साथ मजरा शीला में गदरपुरा को जाने वाली नहर के करीब अवैध रूप से चल रही टाल पर मंगलवार सुबह लगभग 10:30 बजे छापेमारी करते हुए (शेष पृष्ठ सात पर)



## पिता पुत्र ने लोन की किश्तों के 12.31 लाख रूपये हड़पे

### कोर्ट के निर्देश पर दर्ज हुआ मुकदमा

काशीपुर(उद संवाददाता)। फाइनेंशियल कंपनी में फील्ड स्टाफ के पद पर काम करते हुए शातिर दिमाग पिता पुत्र ने लोन की किस्तों की साप्ताहिक वसूली के 12,31,179 लाख रुपए हड़प कर लिए। कोर्ट के निर्देश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू करें। घटना के बारे में कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर भारत फाइनेंशियल इंक्लूजन लिमिटेड नामक कंपनी के यूनिट मैनेजर अजय कुमार ने बताया कि कंपनी जरूरतमंद लोगों को छोटे लोन देकर उनसे आसान किस्तों में साप्ताहिक वसूली करने का काम करती है। कंपनी की काशीपुर शाखा में ग्राम पट्टी अशोकपुर थाना भोट जनपद रामपुर उत्तर प्रदेश निवासी वीर सिंह तथा उसका पुत्र वरुण कुमार फील्ड स्टाफ के पद पर कार्यरत थे। उपरोक्त दोनों का काम लोन मेंबरों को लोन उपलब्ध कराना तथा उनसे साप्ताहिक किस्त वसूल करना था। शिकायतकर्ता का (शेष पृष्ठ सात पर)

## चरस के साथ महिला गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)। थानाध्यक्ष पुलभट्टा के नेतृत्व मे गठित टीम ने बरा बाजार मे तीन पानी को जाने वाले कट के पास से गुडिया पत्नी लालमन पुत्री चंदन निवासी ग्राम बरा थाना पुलभट्टा को 154 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ मे अभियुक्ता गुडिया ने बताया कि पहले उसका पति लालमन चरस तस्करी का काम करता था किन्तु जब उस पर मुकदमे हो गए तो उसने खुद चरस बेचना शुरु कर दिया। वह बहेडी से एक व्यक्ति से चरस लेकर आती है जो फंसने के डर से अपना नाम पता नहीं बताता है। चरस को वह फुटकर में बेचकर अपना व अपने परिवार का (शेष पृष्ठ सात पर)



## आम चुनाव में 'बीजेपी' से कैसे 'लोहा' ले पाएगी 'कांग्रेस'?

### आंदोलन का रास्ता भूली कांग्रेस ,बड़े सियासी मुद्दों को लपकने में अब तक नाकाम

-अर्श-

रूद्रपुर। चुनाव- दर- चुनाव हासिए में सिमटती कांग्रेस उत्तराखंड में किसी भी मुद्दे को प्रदेश व्यापी बना बनाने में सफल नहीं हो पा रही है, लिहाजा अब यूं जान पड़ने लगा है जैसे राज्य का मुख्य विपक्षी दल आंदोलन का रास्ता पूरी तरह भूल- सा गया है। ऐसा भी नहीं है कि राज्य सरकार की कार्यप्रणाली की कतिपय खामियों एवं सत्ताधारी दल के नेताओं की आपसी खींचतान से राजनीतिक मुद्दे निकलकर सामने नहीं आते। विपन्न अर्थव्यवस्था से संपन्न अर्थव्यवस्था बनाने की कवायद से दो-चार हो रहे पर्वतीय राज्य उत्तराखंड में आम जनजीवन से जुड़े अनेक बड़े मुद्दे जब तक तब सामने आते ही रहते हैं ,मगर चुनाव में एक के बाद एक मिल रही लगातार पराजय हताश- निराश एवं सांगठनिक रूप से छिन्न-भिन्न कांग्रेस इन मुद्दों को लपक कर सरकार एवं सत्ताधारी दल पर हमलावर नहीं हो पाती। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि आंदोलनों से लगभग विमुख हो चुकी कांग्रेस राज्य निवासियों का विश्वास एक बार फिर कैसे हासिल कर पाएगी और आगामी आम चुनाव में प्रदेश की पांचो लोकसभा सीट पर, विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा से कैसे लोहा ले पाएगी ?बताना होगा कि गुजरे दिनों उत्तराखंड में मूल निवास एवं भू कानून जैसे बड़े भावनात्मक मुद्दे तथा सत्ताधारी दल के विधायक एवं मंत्री की तीखी बहस के परिणाम स्वरूप विधायक द्वारा अपनी ही सरकार के मंत्री के विरुद्ध धरने पर बैठने और सत्ताधारी दल के एक अन्य विधायक द्वारा नैनीताल उच्च न्यायालय के प्रति अपमानजनक शब्दों के प्रयोग का ऑडियो वायरल होने जैसे बड़े सियासी मुद्दे, जो कि विपक्ष के हमलावर होने की स्थिति में सत्ताधारी दल को खासा असहज कर सकते थे, अच्छा खासा चर्चित हुए, परंतु कांग्रेस इन मुद्दों पर बयान बाजी से अधिक कुछ नहीं कर पाई ।दूसरी ओर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मौके की नजाकत समझते हुए तत्काल एक्शन मोड में आ गए और इसके पहले की कांग्रेस धामी सरकार और तथा सत्ताधारी दल को निशाने पर ले पाती, मूल निवास एवं भू कानून मसले पर प्रशासनिक सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में कमेटी का गठन कर तथा वन मंत्री एवं पुरोला विधायक के बीच सुलह कराकर, सारे ही मुद्दों की हवा निकाल दी। जबकि कांग्रेस अगर इच्छा शक्ति दिखाती, तो लड़ाकू रुख अख्तियार करके, भाजपा विधायक द्वारा अपनी ही सरकार के मंत्री के विरुद्ध धरने को, राज्य में चरम पर पहुंच चुकी नौकरशाहों की मनमर्जी से जोड़, सरकार पर तीखा हमला बोल सकती थी। इतना ही नहीं, कांग्रेस मूल निवास एवं भू कानून के मुद्दे पर पहले कमेटी के गठन और बाद में कृषि और एवं उद्यान प्रयोजन से भूमि खरीद पर सरकारी रोक की बड़ी खामी को पकड़ नहीं पाई। वह इसलिए क्योंकि धामी सरकार द्वारा हाल ही में कृषि एवं उद्यान प्रयोजन से भूमि खरीद पर लगाई गई रोक, (शेष पृष्ठ सात पर)



# कुल्हा में हॉस्टल के लिए 2.75 करोड़ स्वीकृत: पाण्डे

गदरपुर/गूलरभोज(उद संवाददाता) क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडेय ने अपने आवास पर प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि पीएम जनमन के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति के



हितग्राहियों को पीएम जनमन योजना अंतर्गत शत प्रतिशत लाभान्वित करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।इसी के तहत कुल्हा में 100 बच्चों के लिए छात्रावास हेतु दो करोड़ पैंसठ लाख रुपये स्वीकृत हुआ है जिससे बुक्सा जनजाति के बच्चों को इसका लाभ मिलेगा। विधायक अरविंद पांडे ने बताया कि प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत एक स्टेडियम का निर्माण कुल्हा गांव में किया जाना है जहां पर पूर्व में ही एक खेल स्टेडियम और हाई स्कूल बना हुआ है वहां पर 50 बालिका 50 बालकों के लिए एक छात्रावास बहुत जल्द बनने जा रहा है जिसका एस्टीमेट और कार्य योजना तैयार हो चुकी है। शिक्षा विभाग इसका निर्माण अपनी देखरेख में करवाएगी इसके लिए 2 करोड़ 65 लख रुपए की मंजूरी हो चुकी है। जनजाति के विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में 100 बच्चों के छात्रावास का निर्माण किया जाना है। इस मौके पर बोलते हुए बुक्सा जनजाति के वरिष्ठ नेता लाखन सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत एक छात्रावास का निर्माण कूल्हा गांव में किया जाना है जिसके लिए 2 करोड़ 65 लख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस अवसर पर अशोक, गंगा सिंह, किशन सिंह, वीर सिंह, सोमल सिंह, कंचन सिंह, राकेश, गंगा राम, वचन सिंह, वाइस चैयरमेन लाखन सिंह, बिनोद मंगोला, रामोतार, रवी कुमार, रमेश, सुरेश, धर्म सिंह, अजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# उत्तरायणी मेले का हुआ शुभारंभ

## संस्थापक अध्यक्ष बलवंत चुफाल ने फीता काटकर किया उदघाटन

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में उत्तरायणी मेले का रंगारंग आगाज हो चुका है। सोमवार को गोलज्यू की पूजा अर्चना, स्वास्ति वाचन और शगुन आंखर के साथ मेले का शुभारंभ हुआ था। मंगलवार को उत्थान मंच के संस्थापक अध्यक्ष बलवंत सिंह चुफाल ने उत्तरायणी तेले का फीता काटकर इसका विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने पर्वतीय संस्कृति को अक्षुण्ण बनाने के साथ ही कुमाऊनी लोक कला के व्यापक प्रचार प्रसार की बात कही। कहा कुमाऊनी संस्कृति को नई पहचान दिलाने के लिए हम सभी को प्रयास करने होंगे। इस दौरान संरक्षक हुकुम सिंह कुंवर, अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल, उपाध्यक्ष गोपाल सिंह बिष्ट,महासचिव यूसी जोशी, सचिव देवेंद्र तोलिया, कोषाध्यक्ष त्रिलोक बनोली, शोभा बिष्ट, पुष्पा संभाल, चंद्रशेखर परगाई, कमल किशोर, कमल जोशी, संदीप भैसोड़ा, सांस्कृतिक संयोजक मंजू बिष्ट दानू,खेल सयोजक लक्ष्मण सिंह मेहरा, मेला संयोजक पूरन भंडारी, हेम भट्ट, तरुण नेगी, ललित बिष्ट, रितिक आर्य, धर्म सिंह बिष्ट, नीरज बगड़वाल, यशपाल टम्टा आदि थे।



# पीएम मोदी की प्रदेश में हो सकतीं तीन जनसभाएं : भट्ट

देहरादून। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीन जनसभाएं हो सकती हैं। वैसे भाजपा ने केंद्रीय नेतृत्व को पांचों लोकसभा क्षेत्रों में पीएम की जनसभाएं कराने के लिए समय मांगा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के मुताबिक, अभी रैलियों का स्थान और समय तय नहीं हुआ है, लेकिन संगठन की ओर से पांचों लोकसभा क्षेत्रों में जनसभा का प्रस्ताव है। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री की तीन जनसभाएं फरवरी आखिर तक हो सकती हैं। इसके अलावा एक दर्जन जनसभाओं का अलग से रोडमैप तैयार हो रहा है। ये जनसभाएं केंद्रीय नेताओं की होंगी। इनमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह समेत कई बड़े नेताओं के नाम शामिल हैं। इन जनसभाओं के लिए भी पार्टी स्थान और समय केंद्रीय नेतृत्व से हरी झंडी मिलने के बाद तय करेगी। लोस चुनाव को लेकर हुई पार्टी दिग्गजों की बैठक में पार्टी के प्रमुख केंद्रीय व प्रांतीय नेताओं के प्रवास कार्यक्रमों की रणनीति बनी थी। इसी दौरान लोकसभा चुनाव से पूर्व और आचार संहिता लागू होने से पहले अधिक से अधिक प्रमुख नेताओं की जनसभाएं और संपर्क अभियान की योजना बनाई गई।

# प्रधानाचार्य के 692 पदों पर होगी विभागीय भर्ती

देहरादून। प्रदेश के सरकारी इंटरमीडिएट विद्यालयों में प्रधानाचार्य के 692 पदों के लिए विभागीय भर्ती होगी। राज्य लोक सेवा आयोग की ओर से इसके लिए पाठ्यक्रम तैयार कर लिया गया है। आयोग का कहना है पाठ्यक्रम को मंजूरी के लिए शासन को भेजा गया है, जिसे मंजूरी मिलते ही भर्ती के लिए आवेदन मांगे जाएंगे। प्रदेश के इंटरमीडिएट विद्यालयों में प्रधानाचार्य के 1,385 पदों में से 1,024 पद पिछले कई साल से खाली हैं, जिससे इन विद्यालयों में व्यवस्था बनाए रखने एवं छात्र-छात्राओं की पढ़ाई पर असर पड़ रहा है। हालांकि, अधिकतर विद्यालयों में वरिष्ठ प्रवक्ता को प्रभारी प्रधानाचार्य बनाया गया है, लेकिन विभाग के काफी प्रयास के बाद भी प्रधानाचार्य के खाली पद नहीं भर पाए हैं, इसके देखते हुए शासन ने इन पदों को विभागीय भर्ती से भरने का निर्णय लिया है। शासन की ओर से निर्णय लिया गया है कि इन विद्यालयों में प्रधानाचार्य के 50 प्रतिशत पदों को पदोन्नति से एवं शेष पदों को विभागीय भर्ती से भरा जाएगा। सरकारी इंटरमीडिएट विद्यालयों में प्रधानाचार्य का पद पूर्व में शतप्रतिशत पदोन्नति पदोन्नति का पद था। तय मानकों को पूरा करने वाले हाईस्कूल के प्रधानाध्यापक पदोन्नति पाकर प्रधानाचार्य बनते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है। अब पदोन्नति के साथ ही विभागीय परीक्षा से इन पदों को भरा जाएगा।

# किशोर ने किया पांच साल की मासूम के साथ दुष्कर्म

हरिद्वार। हरिद्वार से शर्मनाक मामला सामने आया है। सिडकुल क्षेत्र में 15 साल के किशोर ने पांच साल की बच्ची को अपनी हवस का शिकार बनाया है। नाबालिग की तबियत बिगड़ने के बाद वारदात का खुलासा हुआ। मामले को लेकर मासूम के परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के मुताबिक दोनों बच्चों के परिजन उत्तर प्रदेश के उन्नाव के रहने वाले हैं। दोनों परिवार हरिद्वार के सिडकुल क्षेत्र में भी आस-पास रहते हैं। शुक्रवार को पांच साल की मासूम घर के बाहर खेल रही थी। आरोप है कि दूसरे परिवार के 15 साल का किशोर बच्ची को बहला फुसलाकर सुनसान जगह पर ले गया। वहां उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया।बच्ची बदहवास हालत में अपने घर पहुंची। बच्ची को इस हालत में देख परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। बच्ची की तबियत बिगड़ता देख वह उसे आनन फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने मासूम के साथ दुष्कर्म की पुष्टि की। बच्ची ने परिजनों को घटना के बारे में बताया। पीड़िता के परिजनों ने घटना की शिकायत पुलिस से की।सूचना पाकर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। लेकिन तब तक किशोर घर से फरार हो चुका था। जानकारी के अनुसार सिडकुल थानाध्यक्ष मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर किशोर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश जारी है।

# अल्मोड़ा के नये एसएसपी देवेंद्र पींचा ने संभाला कार्यभार

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। नवनियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पींचा ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में गार्द सलामी ग्रहण करने के पश्चात अल्मोड़ा जिले के एसएसपी के रुप में पदभार ग्रहण किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा के पद पर नियुक्त होने से पूर्व पुलिस अधीक्षक चम्पावत, एसपी क्राइम एवं ट्रैफिक नैनीताल, अपर पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंह नगर जैसे महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त रहे हैं। कार्यभार ग्रहण करने के बाद एसएसपी पींचा ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समस्त कार्यालयों शाखाओं का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई का जायजा लिया। इस दौरान कार्यालय शाखाओं में नियुक्त कर्मचारी गणों से उनको आवंटित कार्यों की जानकारी प्राप्त करते हुए अपने कार्यों को मेहनत एवं लगन से करने के निर्देश दिये गये तथा कार्यालय में आने वाले आगन्तुकों के साथ सौम्यपूर्ण व्यवहार रखते हुए उनकी हरसंभव सहायता करने और कार्यालय परिसर की साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया गया। प्रेस वार्ता में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि समाज व युवाओं को नशे से बचाना एवं नशे के जाल में फंसे युवाओं की काउंसलिंग कराकर उनको नशे से उबारकर मुख्य धारा जोड़ना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। साथ ही कानून एवं ट्रैफिक व्यवस्था, साईबर अपराध, महिला सुरक्षा, अपराध नियंत्रण को अपनी प्राथमिकता रखते हुए जनता के हित में कार्य कर अल्मोड़ा पुलिस की छवि को और अधिक बेहतर बनाने की बात कही। कहा कि पुलिस अधिकाकारी कर्मचारी गणों को साथ लेकर टीम वर्क के साथ बेहतर तरीके से कार्य किया जायेगा जिससे हर कार्य में बेहतर परिणाम प्राप्त किये जा सकते है।





# बालिका दिवस पर 320 मेधावी बालिकाओं को दिए जाएंगे स्मार्ट फोन

देहरादून(उद संवाददाता)। महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्य ने कहा, राष्ट्रीय बालिका दिवस पर इस बार प्रदेश की 320 मेधावी बालिकाओं को सम्मानित किया जाएगा। वर्ष 2022 और 2023 की 10वीं और 12वीं की मेधावी बालिकाओं को सम्मान स्वरूप डिजिटल एजुकेशन डिवाइस (स्मार्ट फोन) दिए जाएंगे। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने कहा, महिलाओं के प्रति नजरिया बदलने की जरूरत है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं, जो सभी क्षेत्रों में भागीदारी निभा रही हैं। बालिका दिवस का उद्देश्य बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। बैठक में मंत्री ने अधिकारियों को राष्ट्रीय बालिका दिवस के संबंध में विभागीय तैयारी के निर्देश दिए। कहा, इस दिन हर साल राज्य सरकारें अपने-अपने प्रदेश में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित करती है। मंत्री ने कहा, भारतीय समाज में काफी पहले से लैंगिक असमानता एक बड़ी चुनौती रही है। कहा, सरकार ने महिलाओं के विरुद्ध भेदभाव की इस स्थिति को बदलने और सामाजिक स्तर में सुधार के उद्देश्य से कई अहम कदम उठाए हैं, जिसमें बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान, सुकन्या समृद्धि योजना, बालिकाओं के लिए मुफ्त या अनुदानित शिक्षा और कॉलेजों, विश्वविद्यालयों में सीटों का आरक्षण शामिल हैं।

# डीएम के आश्वासन के बाद बाबा अविनाशी का अनशन स्थगित

टनकपुर (उद संवाददाता)। डीएम चंपावत के निष्पक्ष जांच के आश्वासन के बाद लक्ष्मण नाथ उर्फ बाबा अविनाशी ने 9 जनवरी से देहरादून सचिवालय में करने वाले अनशन को 15 दिन के लिए स्थगित कर दिया है। बाबा अविनाशी ने चंपावत जिले के बाराकोट ब्लॉक के ढटी गांव में सरकारी कार्यों में हुई धांधली व भ्रष्टाचार की जांच करने व मुख्यमंत्री से मुलाकात की मांग करते हुए 9 जनवरी से सचिवालय देहरादून में अनशन करने की चेतावनी दी थी। इसके बाद सोमवार को डीएम चंपावत नवनीत पांडे ने बाबा अविनाशी को ग्राम सभा की योजनाओं की निष्पक्ष जांच कमेटी के द्वारा करवाने का आश्वासन दिया गया जिसके बाद बाबा अविनाशी ने 15 दिन के लिए अपने अनशन के फैसले को टाल दिया है। बाबा अविनाशी ने कहा डीएम चंपावत के आश्वासन के बाद



फिलहाल 9 जनवरी से सचिवालय में होने वाले अनशन को स्थगित कर दिया है। उन्हें डीएम चंपावत पर पूरा भरोसा है की जांच निष्पक्ष तरीके से होगी और आरोपियों में कार्रवाई होगी वही बाबा अविनाशी ने चेतावनी दी है। अगर 15 दिन के भीतर निष्पक्ष जांच व आरोपियों में कार्रवाई नहीं करी जाती है तो वह सीधे मुख्यमंत्री आवास के बाहर आत्मदाह कर लेंगे। यह उनकी अंतिम चेतावनी है उन्होंने कहा मामले में चंपावत के पूर्व डीडीओ के द्वारा जांच करी गई थी वह जांच रिपोर्ट पूरी तरह झूठी है जिसमें आरोपियों को बचाने का पूरा प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा उन्हें निष्पक्ष जांच चाहिए अन्यथा वह अपने फैसले में अडिग है मालूम हो बाबा अविनाशी लंबे समय से गांव में सरकारी योजना में हुए भ्रष्टाचार की जांच की मांग कर रहे हैं पर कोई सुनवाई नहीं की जा रही है।

# सिलक्यारा सुरंग में निर्माण दोबारा शुरू करने की तैयारी तेज

देहरादून। 41 मजदूरों के फंसने के बाद से बंद पड़े सिलक्यारा सुरंग के निर्माण को दोबारा शुरू करने की तैयारी तेज हो गई है। इस कड़ी में बड़कोट सिरे से निर्माण शुरू करने के साथ ही सिलक्यारा की ओर से भी पानी हटाने का काम शुरू हो गया है। जिसके बाद मलबे को सुरक्षित तरीके से हटाया जाएगा। नेशनल हाईवे एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन (एनएचआइ डीसीएल) के निदेशक अंशु मनीष खल्खो ने बताया कि जांच समिति की प्राथमिक रिपोर्ट के तहत मंत्रालय से सिलक्यारा सुरंग निर्माण में अतिरिक्त सुरक्षा बरतने संबंधी निर्देश मिल चुके हैं। उन्होंने बताया कि सुरंग के बड़कोट सिरे से निर्माण कार्य पहले ही शुरू कराया जा चुका है। अब सिलक्यारा की ओर से भीतर पानी जमा होने की सूचना मिली है। उन्होंने बताया कि सुरंग के भीतर रिसाव की सामान्य प्रक्रिया है लेकिन करीब दो माह से काम बंद होने से भीतर पानी जमा हो गया है। इस पानी को निकालने का काम शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि पानी निकालने के बाद सुरक्षित तरीके से मलबा हटाया जाएगा और सुरंग निर्माण का काम इधर से भी शुरू होगा। बताया कि इस बार सुरंग के भीतर की भूगर्भीय संरचना की भी निगरानी की जा रही है। एनएचआइडीसीएल के विशेषज्ञ सुरंग निर्माण के दौरान निगरानी करेंगे। किसी सूरत में लापरवाही नहीं होने दी जाएगी। गौरतलब है कि 12 नवंबर को सिलक्यारा सुरंग में मलबा गिरने से 41 मजदूर भीतर फंस गए थे। इन सभी को 17 दिन लंबे रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सुरक्षित बाहर निकाला गया था। इसके बाद मंत्रालय ने जांच बैठा दी थी। जांच समिति ने दस दिन के भीतर मंत्रालय को प्राथमिक जांच रिपोर्ट सौंप दी थी। अब विस्तृत जांच रिपोर्ट आनी बाकी है। सिलक्यारा सुरंग साढ़े चार किलोमीटर लंबी है। सुरंग में बीच का करीब 480 मीटर हिस्सा बचा है। इसका निर्माण होने के बाद सुरंग तैयार हो जाएगी। बताया जा रहा है कि एनएचआइडीसीएल ने इस सुरंग का निर्माण इसी साल पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

## मुख्यमंत्री का कल रूद्रपुर में होगा ऐतिहासिक स्वागत: शर्मा



रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भाजपा के प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि क कल 10 जनवरी को सुबह 11 बजे गल्ला मंडी से में बाजार होते हुए गांधी पार्क तक मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का भव्य रोड शो होगा। जिसमें जगह-जगह तराई में रहने वाले सभी समाजों द्वारा अपनी संस्कृति के माध्यम से उनका स्वागत किया जाएगा और व्यापारियों द्वारा भी भव्य स्वागत होगा। उसके बाद मुख्यमंत्री गांधी पार्क में नारी वंदन कार्यक्रम में वह बहनों को संबोधित करेंगे। श्री शर्मा ने कहा की कार्यक्रम बहनों का ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा और इसमें लगभग 40000 महिलाएं प्रतिभाग करेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लगभग 800 बसें लगाई गई है सभी कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिन रात मेहनत कर रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा महिलाओं को जिस प्रकार से आत्मनिर्भर बनाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। चाहे वह प्रधानमंत्री आवास योजना हो चाहे उज्जवला गैस योजना हो चाहे लोकसभा विधानसभा में बहनों को 30% आरक्षण देने की बात हो लगातार बहनों के आत्मसम्मान को बढ़ाने का काम भारतीय जनता पार्टी कर रही है। श्री शर्मा ने कहा कि दूसरी तरफ उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी ने 33 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण नौकरियों में देकर बहनों को सम्मान देने का काम किया है।

किराये हेतु
रूद्रपुर में भगत सिंह चौक पर एक तीन मंजिला मकान ( बेसमेंट सहित ) किराये हेतु उपलब्ध है।
-सम्पर्क करें-
मो. 9012700007

# सीएम धामी ने ज्योतिषियों को किया सम्मानित

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय के कन्वेंशन सेंटर में आयोजित ज्योतिष महाकुंभ के समापन समारोह में प्रतिभागी रहे ज्योतिषियों को सम्मानित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी ज्योतिषियों का देवभूमि उत्तराखण्ड में स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में ज्योतिष शास्त्र की लंबी परंपरा और गौरवशाली इतिहास रहा है। यह महान भूमि ज्ञान, कर्म, उपासना के साथ-साथ लौकिक और अलौकिक विद्याओं और रहस्यों को उजागर करने वाली भूमि है। हमारे ऋषि-मुनियों ने वेदों द्वारा ज्ञान एवं विज्ञान की उपासना का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वेद, पुराण आदि ग्रंथों की रचना करने वाले ऋषि केवल कर्मकांडी मात्र नहीं थे बल्कि महान वैज्ञानिक थे, जिन्होंने मानव की भलाई के लिए नई-नई वैज्ञानिक मान्यताएं स्थापित की। उन्होंने कहा कि ज्योतिष शास्त्र एक ऐसा नेत्र है जो भूत, भविष्य और वर्तमान काल को देख सकता है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें अपनी महान मान्यताओं और उपलब्धियों पर गर्व करने के साथ आधुनिक विज्ञान के साथ-साथ 'एंसेंट इंडियन नॉलेज सिस्टम' को भी समझना होगा। आज नासा भी मानने लगा है कि भारतीय ज्योतिष विज्ञान के द्वारा बहुत सी भौगोलिक घटनाओं को भली भांति समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय संस्कृति की धर्म ध्वजा पुनः पूर्ण गौरव के साथ संपूर्ण विश्व में फहरा रही है। प्रधानमंत्री द्वारा किए जा रहे महान कार्यों से प्रेरणा लेकर हमारी सरकार भी सनातन संस्कृति के संवध र्न हेतु संकल्पबद्ध होकर निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर महानिदेशक सूचना श्री बंशीधर तिवारी, ग्राफिक एरा के संस्थापक श्री कमल घनसाला, अमर उजाला के संपादक श्री अनूप वाजपेयी एवं विभिन्न राज्यों से आए ज्योतिषाचार्य उपस्थित थे।

## ज्योतिषाचार्य आचार्य पंडित लेखराज शर्मा ने राज्यपाल से की मुलाकात

देहरादून(उद संवाददाता)।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को राजभवन में ज्योतिषाचार्य आचार्य पंडित लेखराज शर्मा ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर उन्होंने विभिन्न विषयों पर चर्चा की। आचार्य पंडित लेखराज शर्मा ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड ऋषि- मुनियों की तपस्थली रही है, और प्राचीन ज्योतिषियों का घर भी है। यहां



ज्योतिष का गढ़ होना चाहिए। उन्होंने इसके लिए प्रयास किए जाने की जरूरत बताई। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड की धरती से पूरे भारत में ही नहीं अपितु पूरे विश्व में ज्योतिष के प्रचार-प्रसार को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमारे इस वैदिक ज्योतिष ज्ञान के भंडार को संरक्षित और संवर्धित किया जाना आवश्यक है।

# घर घर जाकर वितरित किये पूजित अक्षत





खटीमा (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी द्वार अक्षत वितरण कार्यक्रम पंजाबी कॉलोनी, बत्रा गली ,रामगुलम वाली गली डॉक्टर के डी पांडे वाली गली, नगर पालिका वार्ड, मे सम्पन्न हुआ। भारतीय जनता पार्टी की महिला नेत्री नीलू गुप्ता के नेतृत्व में महिलाओं ने अक्षत वितरण कार्यक्रम घर-घर जाकर अक्षत वितरण किया एवं 22 जनवरी को अयोध्या में बन रहे श्री राम जी के भव्य मंदिर के उद्घाटन मे सभी को निमंत्रण सौपें। साथ ही कहा कि 22 जनवरी का दिन सभी लोग अपने-अपने घरों में दिवाली के रूप में बनाएं। अक्षत वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, नगर महामंत्री मनोज बाजवा, जिला महामंत्री सतीश गोयल, ऐसी मोर्चे के नगर अध्यक्ष नवल वाल्मीकि, नगर पालिका सभासद नीरज रस्तोगी, मनप्रीत सिंह गंभीर, मनोज बतरा, शुभम वाल्मीकि, मनोज श्रीवास्तव, पूजा बत्रा, सीमा सक्सेना, सोनिया सुनेजा, आरती डाबर,श्रवण सक्सेना, विजय गुप्ता, अतुल बत्रा, पुष्पा सक्सेना, आरती सक्सेना, गीता सक्सेना, रानो कश्यप,तन्नू सक्सेना, उदित सक्सेना, ओम श्रीवास्तव, छवि सक्सेना, हृदय वाधवा आदि कार्यकर्त्ता उपस्थित थे। नगर महामंत्री मनोज बाजपेई ने बताया कि खटीमा विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिदिन भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा अक्षत वितरण कार्यक्रम हर वार्ड में हर ग्राम पंचायत में संपन्न किया जा रहा है।

## एसएसबी बूम कैंप में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी

टनकपुर (उद संवाददाता)। छीनीगोठ पंचायत भवन में 57 वी वाहिनी एस एस बी बूम कैंप द्वारा ग्रामीणों के साथ बैठक की गई ।जिसमें ग्रामीणों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं को सुना गया। साथ ही ग्रामीणों को बताया गया कि आप बॉर्डर पर किस तरह से अपने देश की सुरक्षा कर सकते हैं तथा ग्रामीणों में अपने देश की सुरक्षा की भावना जागृत की गई तथा एस एस बी द्वारा बताया गया कि



बार्डर पर हो रही गलत गतिविधियों को हमारे साथ साझा भी कर सकते हैं। साथ ही ग्रामीण युवाओं व बालक वर्ग के लिए खेलकूद का सामान वह सौर ऊर्जा से चलने वाले यंत्र कृषि यंत्र आदि को जनता की सहूलियत के लिए एस एस बी द्वारा वितरण किया जाता है साथ ही पशु चिकित्सक द्वारा पशुओं का इलाज तथा मुफ्त में दवाइयां दी जाती हैं। साथ ही डॉक्टरों द्वारा लोगों की बीमारी के लक्षण अनुसार इलाज व दवाइयां मुफ्त दी जाती है आदि इस बारे में चर्चाएं की गई । बैठक में इस दौरान एस एस बी बूम कैंप के निरीक्षक सुशील कुमार तथा ग्राम प्रधान पूजा जोशी ,वार्ड मेंबर व ग्रामीण जन शामिल रहे।

# भाषण प्रतियोगिता में अर्णव त्रिपाठी प्रथम

नैनीताल (उद संवाददाता)। डीएसबी परिसर में जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र नैनीताल द्वारा मेरा भारत विकसित भारत का आयोजन किया गया ।कला संकाय सेमिनार हाल में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में 14 प्रतिभागी शामिल हुए जो ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल ,एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी ,बीएसएसवी सैनिक स्कूल नैनीताल तथा डीएसबी परिसर के छात्र छात्राएं शामिल हुए विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय के निदेशक प्रो ललित तिवारी ने पुरुस्कार वितरित किया ।इस अवसर पर प्रो ललित तिवारी ने कहा कि भाषण देना शब्दो का सही प्रयोग होता है। जो हमारे मस्तिष्क में होता है उसे जिह्वा से फैला सकते है । मानव की श्रेष्ठ होने की पहचान भी है । प्रथम पुरुस्कार अर्णव त्रिपाठी



डीएसबी ,द्वितीय पुरुस्कार दीपांशु पालीवाल सैनिक स्कूल बीएसएससी ,दो ने तृतीय पुरूस्कार निहारिका नेगी ग्राफिक एरा तथा श्रेया जोशी डीएसबी ने जीता। सभी विजय प्रतिभागी को पुरुस्कार में मेडल प्रदान किए गए तथा ये राज स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे जिसमें प्रथम पुरुस्कार एक लाख ,द्वितीय पचास हजार ,तृतीय 25 हजार है ।कार्यक्रम में निर्णायक डॉक्टर नवीन पांडे ,डॉक्टर प्रभा पंत , प्रो ललित तिवारी रहे ।प्रतियोगिता में मनीष कार्की ,हर्षित जोशी , उमा अधिकारी ,गौरव सिंह बिष्ट ,पंकज पांडे ,दीपेश ,प्रियंका सह ,हिमानी दुर्गापाल ,इंद्र चौहान ,नकुल देव साह ने भी प्रतिभाग किया तथा भाषण दिया।इस अवसर पर कार्यवाहक जिला युवा अधिकारी योगेश कुमार ,ममता ,खटक सिंह शामिल रहे । वक्ताओं ने भारत को विकासशील से विकसित बनाने तथादेश हित में कार्य करने को कहा सभी निर्णायक को प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। सभी को 7 मिनट का तय वक्त दिया गया।

## एनएसएस का सात दिवसीय शिविर शुरू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कृष्णा इण्टर कॉलेज की एनएसएस इकाई के सात दिवासीय विशेष शिविर का उद्घाटन शिविर स्थल टैगोर शिशु निकेतन इन्द्रा कालोनी गली नं0 1 रूद्रपुर में प्रधानाचार्य ललित मोहन द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वयंसेवी छात्राओं के द्वारा सरस्वती वंदना से की गई। मंच का संचालन राजकुमार द्वारा किया गया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी संजीत हालदार ने सात दिवसीय शिविर की रूपरेखा व कार्य योजना के बारे में जानकारी दी। प्रधानाचार्य द्वारा बचचों को एनएसएस के महत्व के बारे में जानकारी दी गई, उन्होंने कहा कि कैसे हम सामाजिक स्तर पर छोटे-2 कार्य कर देश को आगे बढ़ाने में अपना योगदान कर सकते है। इस अवसर पर मंचाधीन श्रीमती सुमन जी, सुनीता आर्या जी, दीपक जी, आदि अध्यापक/ अध्यापिकाएँ मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह के उपरान्त स्वयं सेवियों 'स्वच्छता अभियान' पर एक जनजागरूकता रैली निकाली गई। रैली का संचालन कार्यक्रम अधिकारी संजीत हालदार व सहायक राजकुमार द्वारा किये गये।

# उत्तरकाशी के लाल धान को देशभर में मिला दूसरा स्थान : धामी

## दीदी-भुली महोत्सव में सीएम ने किया विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण







उत्तरकाशी(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज उत्तरकाशी में लगभग 291 करोड़ रूपए लागत की योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। उत्तरकाशी जिले के विकास के लिए 57 करोड़ 38 लाख की रुपए लागत की 24 योजनाओं का शिलान्यास करने के साथ ही 45 करोड़ 37 लाख रुपए लागत की 38 योजनाओं का लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने यूजेवीएन लिमिटेड के तिलोथ विद्युत गृह के नवीनीकरण, उच्चीकरण एवं पुनरोद्धार कार्यों का भी लोकार्पण किया। वहीं मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी उत्तरकाशी में आयोजित दीदी भुली महोत्सव में प्रतिभाग कर जिला पुलिस द्वारा मिशन सिलक्यारा पर तैयार की गई कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बाबा विश्वनाथ की धरती पर मातृशक्ति का जो स्नेह मिला, वह उनके जीवन में यादगार रहेगा। मुख्यमंत्री ने 'दीदी-भुली महोत्सव में भाग लेने आई हजारों महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे तब तक चैन से नहीं बैठेंगे, जब तक उत्तराखण्ड आदर्श राज्य न बन जाए। देवभूमि का सनातन स्वरूप बनाए रखने के लिए हम प्रयासरत हैं। हम देवभूमि के स्वरूप को किसी भी सूरत में बिगड़ने नहीं देंगे। उन्होंने सिलक्यारा टनल में फंसे 41 लोगों को बचाने के लिए चले ऑपरेशन को कामयाब बनाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सहित अफसरों की टीम एवं उत्तरकाशी और देश की जनता का आभार जताया। उन्होंने ओडीओपी पुरस्कार मिलने पर जिले को बधाई देते हुए जलजीवन मिशन में भटवाड़ी ब्लॉक में सबसे पहले सौ फीसदी जल-संयोजन होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तरकाशी के लाल धान ने देशभर में दूसरा स्थान प्राप्त कर किसानों और सरकार के काम पर मुहर लगाई है। कार्यक्रम में यमुनोत्री विधायक संजय डोभाल, बागवानी विकास परिषद के उपाध्यक्ष राजकुमार, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय, डीएम अभिषेक रुहेला, एसपी अपर्ण यदुवंशी मौजूद रहे।






## धूमधाम से मनाया नेता प्रतिपक्ष का जन्म दिन

रूदपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सीएलपी लीडर, यशपाल आर्य के जन्मदिवस के अवसर पर रुद्रपुर से भी दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता हल्द्वानी पहुंचे, और श्री आर्य के आवास पर पहुंचकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी, और उनके दीर्घायु की कामना की। इससे पूर्व उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा और पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हरीश बावरा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता हल्द्वानी पहुंचे, जहां उन्होंने पूर्व कैबिनेट मंत्री और प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सीएलपी लीडर यशपाल आर्य के आवास पर पहुंचकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर श्री आर्य को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पगड़ी पहनाई,शॉल ओढ़ाई और फूल मालाओं से स्वागत कर एवं बुके प्रदान कर उनके अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रधान विजय यादव, अनिल शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष दिनेश पंत, निगम पार्षद प्रीति साना, महानगर कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली, महानगर कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक कांग्रेस के अध्यक्ष रामप्रसाद, एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष चेतन भट्ट, एनएसयूआई के वर्तमान अध्यक्ष योगेश पांडे, यूथ कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री मन्नू चौधरी, डॉक्टर सुमित राय, रविंद्र गुप्ता, अरविंद सक्सेना, सुदर्शन शर्मा, राजीव यादव, दिनेश मौर्य, सहित बड़ी संख्या में अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## नए कप्तान अजय गणपति ने संभाली चंपावत पुलिस की कमान

टनकपुर (उद संवाददाता)। एसपी देवेंद्र पींचा के स्थानांतरण के बाद चंपावत जिले की कप्तान नव आगंतुक एसपी अजय गणपति कुंभार ने संभाल ली है। पहली बार मुख्यमंत्री के जिले की कमान संभालने के बाद एसपी अजय गणपति ने जिले के समस्त पुलिस उपाधीक्षक समस्त थाना प्रभारी ,एसओजी टीम,एलआईयू के अधिकारियों के साथ बैठक करी तथा जिले की कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए कड़े निर्देश दिए प्रेस वार्ता करते हुए एसपी अजय गणपति ने कहा उनका पहला फोकस नशा उन्मूलन पर रहेगा। खासकर स्मैक पर एसपी ने कहा नशा तस्करों को किसी भी कीमत में बक्सा नहीं जाएगा। इसके अलावा जिले की यातायात व्यवस्था को मजबूत बनाया जाएगा। एसपी अजय ने कहा मार्च में जिले में चलने वाले प्रसिद्ध माता पूर्णागिरी मेल को शांतिपूर्ण संपन्न करवाना उनकी वरीयता रहेगी इसके लिए जिले के अनुभवी पुलिस उपाधीक्षको व पुलिस कर्मियों के अनुभव का लाभ लिया जाएगा। इसके बाद लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाना उनकी वरीयता में रहेगा। एसपी ने कहा चंपावत मुख्यमंत्री का जिला है इसलिए चुनौतियां ज्यादा है उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा पुलिस हमेशा जनता के साथ है किसी भी प्रकार की समस्या के लिए जनता बिना डरे पुलिस से संपर्क कर सकती है। मालूम हो एसपी अजय गणपति 2018 बैच के आईपीएस अधिकारी है पहली बार किसी जिले की कप्तान के तौर पर कमान संभाल रहे हैं इससे पहले एसपी अजय रेलवे पुलीस में एसपी के पद पर तैनात थे।



# एनएच पर अधूरे नाले ने बढ़ाई मुश्किलें, धंसने लगे मकान

## चार साल से अधूरा पड़ा है नाला, आस-पास जलभराव होने से मकानों को खतरा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एनएच 74 किच्छा रोड पर भदईपुरा में एनएचएआई की लापरवाही का खामियाजा सैकड़ों दुकानदारों और एनएच के किनारे रहने वाले वाशिंदों को भुगतना पड़ रहा है। आलम यह है कि हाईवे के किनारे निकासी के लिए बनाये जा रहे नाले का निर्माण चार साल से अधूरा पड़ा है। जिससे नाला चोक है और आस-पास जलभराव होने से जहां संक्रामक रोग पनप रहे हैं वही जमीन धंसने से मकानों को भी खतरा पैदा हो गया है। एनएच की इस हीलाहवाली को लेकर लोगों में भारी आक्रोश है। जानकारी के मुताबिक एनएच 74 पर जगह जगह अभी भी निर्माणक कार्य अधूरा पड़ा है। इस हाईवे पर वाहनों से टॉल के नाम पर लाखों रूपये की वसूली तो रोज होती है लेकिन एनएच को अभी तक पूरी तरह दुरूस्त नहीं किया गया है। कई जगह सड़क की हालत खस्ता है। कई स्थानों पर सर्विस लेन अधूरी पड़ी है तो कई जगह निकासी के लिए बनाये गये नाले अधूरे छोड़ दिये गये हैं, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एनएच की हीलाहवाली के चलते आये दिन हादसों में लोगों को जान गंवानी पड़ रही है। किच्छा रोड पर भदईपुरा में भी एनएच की लापरवाही यहां के लोगों पर भारी पड़ रही है। बताया जाता है कि चार साल पहले यहां पर निकासी के लिए नाले का निर्माण किया जा रहा था जिसे अधूरा छोड़ दिया गया। आज नाले की निकासी पूरी तरह बंद है। जिसके चलते नाले में भीषण गंदगी होने से संक्रामक रोग फैल रहे हैं। आधे-अधूरे कार्य ने हाईवे के किनारे बसे लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। नाला चोक होने से व्यापारियों की दुकानों के आगे नाले का पानी ओवर फ्लो होने से व्यापारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अधूरे नाले से जहां व्यापारियों का कारोबार प्रभावित हो रहा है वहीं यहां रहने वाले वाशिंदों के लिए भी यह नाला परेशानी का सबब बन गया है। नाला अधूरा होने से दर्जनों व्यापारियों का कारोबार प्रभावित हो रहा है। यही नहीं पास ही स्थित महाराजा अग्रसेन चिकित्सालय में आने जाने वाले मरीजों को भी इससे दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नाला चोक होने से अस्पताल के पास ही जलभराव हो रहा है जिसका असर मरीजों पर भी पड़ रहा है। नाला बंद होने से आस-पास जलजमाव के कारण मकानों को भी खतरा पैदा हो गया है। कई लोगों के मकान धंसने लगे हैं। जिससे लोगों में भय का माहौल है। यहां कारोबार करने वाले व्यापारी अनुज अग्रवाल 'नीटू' ने बताया कि उनके प्रतिष्ठान में भी बीते कुछ महीनों से फर्श धंसने लगा है। उन्होनें बताया कि प्रशासन को कई बार शिकायत की गयी लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। कई बार अधिकारी यहां नाप जोख करने आये लेकिन काम आज तक शुरू नहीं हो पाया है। उन्होने बताया कि चार साल से नाला अधूरा पड़ा है। लेकिन सम्बंधित अधिकारी समस्या का संज्ञान लेने को तैयार नही है और न ही किसी जन प्रतिनिधि ने इसकी सुध ली है। उन्होंने कहा कि अधूरा नाला यहां के लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। नाला नहीं बनने से गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। जिससे लोगों का पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने प्रशासन से जल्द इसका संज्ञान लेकर नाले का निर्माण कराने की मांग की है।






# धर्म ध्वजा लेकर अयोध्या के लिए पैदल रवाना हुए सुशील गावा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर के राम भक्त एवं भाजपा नेता सुशील गावा राम ध्वजा लेकर अयोध्या के लिए पैदल रवाना हुए हैं। श्री गावा अयोध्या तक पैदल यात्रा करके वहां पर 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रतिभाग करेंगे। भाजपा नेता एवं समाजसेवी सुशील गावा की भगवान श्री राम में अटूट आस्था है। वह शहर की मुख्य रामलीला में बीते कई वर्षो से हनुमान जी का किरदार निभा रहे हैं। सुशील गाबा ने बताया कि रात में सोते समय अचानक ही उनके मन में यह बात आई कि जैसे कोई आदेश दे रहा की तुम यहां क्या कर रहे हो। धर्म ध्वजा को लेकर भक्त हनुमान की तरह अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान करो। इतना आदेश मिलते ही सुबह वह सीधे मुख्य बाजार स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर पहुंचे। यहां पर मंदिर में प्रभु श्रीराम दरबार में माता सीता, भक्त हनुमान सहित सभी देवी देवताओं के सामने नतमस्तक होकर शीश नवाया और प्रभु श्रीराम की धर्म ध्वजा लेकर अयोध्या धाम के लिए पैदल ही चल पड़े। समाजसेवी सुशील गाबा ने बताया की यह यात्रा करीब 480 किलामीटर की है। कोशिश यही है कि वह 22 जनवरी को आयोजित होने जा रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोह तक पहुंच जाए। रोजाना करीब 30 से 35 किलोमीटर पैदल चलने का लक्ष्य है। उनके साथ उनके कुछ सहयोगी भी वाहनों से चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान राम का मंदिर बनना हर हिंदू के लिए गर्व की बात है।




# धूमधाम से निकाली पूजित अक्षत कलश यात्रा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श कालोनी स्थित श्री अनंनत प्रेम आश्रम की पूजनीय बाईजी प्रेमनिष्ठानंद जी के सानिध्य में पूजित अक्षत कलश यात्रा धूमधाम से निकाली गयी। पांच मंदिर में अयोध्या से आये पूजित अक्षत लेकर घर घर जाकर 22 जनवरी के लिए लोगों को आमंत्रण दिया गया। इस मौके पर जय श्री राम के उदघोषों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस मौके पर खरैती लाल गगनेजा, सत्यपाल अरोरा, गुलशन बजाज, राजेन्द्र हुड़िया, राजकुमार सीकरी, राजू हुड़िया, चेतन खनिजो, नितिन, पृथ्वी, दीपक छाबड़ा, करन अरोरा, बॉबी टुटेजा, सोनिया कटारिया, मानसी भद्रा, रिम्पा हुड़िया, टिंकल अरोरा, रजनी, सीमा आदि भक्तजन मौजूद थे।



# अवैध तमंचा एवं कारतूस सहित संदिग्ध गिरफ्तार

गदरपुर( उद संवाददाता)। थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गूलरभोज हरिपुरा जलाशय के पास गश्त के दौरान समीर पुत्र सलीम कुरैशी निवासी ठंडा नाला गूलरभोज थाना गदरपुर को रोक कर तलाशी ली तो उसके पास से 1 तमंचा



315 बोर व 2जिंदा कारतूस बरामद किये गये। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज कियाग या। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष भुवन चन्द्र जोशी,उपनिरीक्षक राकेश कठायत, कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह शामिल रहे ।

# लाभार्थियों को पहुंचाया विभिन्न योजनाओं का लाभ

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत नगर निगम की ओर से एक दिवसीय शहरी शिविर का आयोजन सोमवार को रामलीला मैदान में किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से योजनाओं के लाभार्थियों से सीधा संवाद किया। आयोजित शिविर के दौरान केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जिसमें आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, पीएम निधि योजना, आधार अपडेशन आदि योजनाओं से संबंधित रजिस्ट्रेशन कर लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया साथ ही नगर निगम के विभिन्न योजनाओं से संबंधित लाभार्थियों को मौके पर चेक भी वितरण किए गए। इस अवसर पर निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं लोगों के घरों तक पहुंच रही है। सरकार हर वर्ग योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह के माध्यम से अपने उत्पाद तैयार कर रही महिलाओं के लिए शहरों में साझा बाजार भी मिल रहा है, जिसका सीधा लाभ महिलाओं को मिलेगा। निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि मोदी सरकार की गारंटी का लाभ मिलने से जनता उत्साहित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद एवं उनके मार्ग दर्शन में आज उत्तराखण्ड तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। डबल इंजन की सरकार जनता के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध होकर काम कर रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की युवा और विकासपरक सोच का लाभ भी पूरे प्रदेश को मिल रहा है। दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं को पहुंचने का काम किया जा रहा है जिससे आमजन मानस को लाभ प्राप्त हो रहा है आने वाले लोकसभा चुनाव में इसका लाभ भारतीय जनता पार्टी को मिलेगा। इस अवसर पर मुख्य नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, रामप्रकाश गुप्ता, रश्मि रस्तोगी, राकेश सिंह, धिरेश गुप्ता, परवेज खान, राधेश शर्मा किरन विर्क, विजय बाजपेई, राजेश जग्गा, भूपराम लोधी, सुनील ठुकराल, डम्पी चोपड़ा, चन्दन सक्सेना, नमन चावला, बबलू सागर, नन्द लाल शर्मा,राजू नबियाल,ममता आर्य, शिप्रा अधिकारी, दीपक बिष्ट, शुभम पाल, अनिता बरेठा, सत्यपाल गंगवार सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।



# चीनी मिल के अधिशासी निदेशक को किया सम्मानित

किच्छा( उद संवाददाता)। क्षेत्र के किसानों द्वारा किच्छा शुगर चीनी मिल के अधिशासी निदेशक त्रिलोक सिंह मार्तोलिया को चालू वर्ष के पेराई सत्र में गन्ना मूल्य भुगतान एवं गन्ना पेराई तथा चीनी की रिकवरी में बेहतरीन कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। यहां किच्छा शुगर चीनी मिल के प्रशासनिक भवन में पहुंचे क्षेत्र के गण मान्य कृषक डीएन मिश्रा,वीर मानवेंद्र सिंह प्रताप सिंह, सुधीर कुमार शाही, धर्मेंद्र सिंह ने अधिशासी निदेशक को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा आशा व्यक्त की वर्तमान पेराई सत्र में किच्छा शुगर मिल उत्पादन कर लाभ की मिल बनेगी किसानों ने यह भी कहा कि वर्तमान में जिस तरह किच्छा शुगर चीनी मिल ने 17 दिनों में जो रिकॉर्ड तोड़ गन्ने की पेराई की है वह काबिले तारीफ है। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक त्रिलोक सिंह मार्तोलिया ने उपस्थित किसानों से आह्वान किया कि गन्ने में पताई को झाड़ ले तथा जड़ों को निकाल दें जिससे चीनी मिल द्वारा पेराई के उपरांत चीनी की अच्छी रिकवरी कम समय में ही की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि गन्ने में जड़ और पत्तियों और अगोला होने से पेराई के दौरान फैक्ट्री को गन्ने का जूस निकालने में अतिरिक्त समय लगता है तथा चीनी की रिकवरी भी अच्छी नहीं हो पाती है यही नहीं कभी -कभी गन्ने में अगोला व पत्तियां तथा जड़ होने पर गन्ना वापस भी करना पड़ता है।



# पुलिस ने बरामद किये चोरी और खोये हुए 256 मोबाइल

हल्द्वानी( उद संवाददाता)। पुलिस की मोबाइल रिकवरी टीम ने लाखों रूपए कीमत के 256 फोन बरामद कर लिए। जिनकी कीमत लगभग 4491500रुपए है सोमवारको पुलिस बहुद्देश्यीय भवन में एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने कई लोगों को उनके खोये फोन उन्हें वापस सौंपे। खोया फोन पाकर लोग गद गद हो उठे। बाकी लोगों को मोबाइल सेल से फोन लौटा दिए जाएंगे। पुलिस अब तक करोध्ड़ों रूपए के मोबाइल फोल ढूंढ कर लोगों को वापस कर चुकी है। खोये-गिरे मोबाइल फोन को बरामद करने के लिए मोबाइल रिकवरी सेल का गठन किया गया है। प्रदर्शन के मामले में सेल का रिकार्ड उत्तराखंड में हमेशा अव्वल रहा है। सोमवार को प्रेसवार्ता के दौरान पीएन मीणों ने बताया कि लोकेशन मिलने के बाद उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, बिहार, दिल्ली जम्मू कश्मीर,आदि जगहों से मोबाइल रिकवर किए गए। उन्होंने बताया की 2023 में 856 मोबाइल बरामद हुए है अभी तक खोए हुए मोबाइलों की कीमत 1,5864500 है।



# उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## गुजरात सरकार को कड़ी फटकार

बिलकिस बानो मामले में सर्वोच्च न्यायालय का फैसला गुजरात सरकार के पक्षपातपूर्ण व्यवहार पर कठोर प्रहार है। अदालत ने दोषियों को दो हफ्ते के भीतर समर्पण करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही अदालत को गुमराह करने और हक हड़पने को लेकर गुजरात सरकार को कड़ी फटकार लगाई है।पिछले साल पंद्रह अगस्त को गुजरात सरकार ने बिलकिस बानो से सामूहिक बलात्कार करने वाले ग्यारह दोषियों की उम्र कैद की सजा माफ कर दी थी। तब इसे लेकर खासा रोष देखा गया था। उस फैसले को रद्द करने की सर्वोच्च न्यायालय में अपील की गई थी। तब अदालत ने राज्य सरकार से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा, मगर उसने उस फैसले को उचित ठहराया था। इस संबंध में केंद्र सरकार ने भी उसका समर्थन किया था। फिर बिलकिस बानो की अपील पर सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने पाया कि दोषियों की सजा माफी का अधिकार गुजरात सरकार के पास था ही नहीं। चूंकि इस मामले की पूरी सुनवाई महाराष्ट्र में हुई थी, इसलिए इसका फैसला वही कर सकती थी। मगर गुजरात सरकार ने अदालत के सामने गलत तथ्य पेश कर वह हक हड़प लिया। बिलकिस मामले में गुजरात सरकार का रुख शुरू से ही पक्षपातपूर्ण देखा गया था। जब दोषी जेल में थे, तब भी उन्हें लंबे-लंबे समय के लिए पेरोल पर बाहर आने की इजाजत दी गई। यह ठीक है कि राज्य सरकारों को कुछ मामलों में दोषियों की सजा माफ करने का अधिकार है, मगर इससे उनके विवेक की भी परीक्षा होती है कि वे किस प्रकृति के मामले में अपने विशेष अधिकार का उपयोग कर रही हैं। बिलकिस का मामला सामान्य अपराध नहीं था। गुजरात दंगों के समय ग्यारह लोगों ने उससे बलात्कार किया। उस समय उसके गर्भ में पांच महीने का बच्चा था। फिर उसके सामने ही उसके परिवार के सात लोगों की हत्या कर दी गई, जिनमें उसकी तीन साल की बेटी भी थी। समझना मुश्किल नहीं है कि उस घटना का बिलकिस के मन पर क्या असर पड़ा होगा। किस पीड़ा, त्रास और भयावह स्थितियों से उसने अपने आप को उबारने की कोशिश की होगी। ऐसी बर्बर घटना के दोषियों की सजा माफ करने पर विचार करते हुए राज्य सरकार से विवेकपूर्ण व्यवहार की अपेक्षा की जाती थी। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा भी है कि अधिकार केवल दोषियों के नहीं होते, पीड़िता के भी होते हैं। समझना मुश्किल है कि राज्य सरकार को दोषियों की कथित पीड़ा तो समझ में आई, मगर बिलकिस का दर्द क्यों महसूस नहीं हुआ। गुजरात सरकार के इस फैसले की कई दृष्टियों से आलोचना हुई थी। इसके पीछे राजनीतिक मकसद भी देखे गए थे, जो दोषियों के रिहा होते ही दिखाई भी दिए। दोषियों का माला पहना कर स्वागत किया गया, मानो वे किसी जघन्य अपराध के दोषी नहीं, बल्कि उन्होंने कोई वीरोचित कार्य किया हो। इस तरह उनकी सजा माफ कर न सिर्फ उन्हें निर्दोष साबित करने, बल्कि समाज में उनका महिमामंडन करने का भी प्रयास हुआ था। ऐसे बलात्कार और हत्या करने, सामाजिक विद्वेष फैलाने वालों की सजा माफी और स्वागत किसी भी सभ्य समाज की निशानी नहीं मानी जा सकती। इससे समाज में गलत संदेश जाता है। ऐसे आपराधिक वृत्ति के लोगों को उकसावा मिलता है। गुजरात सरकार के फैसले पर सर्वोच्च न्यायालय की नाराजगी स्वाभाविक है। आखिर इस तरह के पक्षपातपूर्ण फैसले करने वाली सरकार को कल्याणकारी और महिलाओं की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध कैसे माना जा सकता है।

## रूद्रपुर में ऐतिहासिक होगा सीएम धामी का रोड शो: सुखीजा

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा के कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी गदरपुर मंडल की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कल दिनांक 10 जनवरी को प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में रुद्रपुर गांधी पार्क में प्रस्तावित नारी शक्ति वंदन महोत्सव एवं रुद्रपुर मुख्य बाजार से निकलने वाले रोड शो को सफल बनाने के लिए योजना रचना बनाई एवं जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी एवं धामी सरकार महिला सशक्तिकरण को लेकर सदैव ही आगे रहती है चाहे वह महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की बात हो या महिलाओं को उज्ज्वला योजना के माध्यम से स्वास्थ्य एवं अच्छी रसोई देने की बात हो या समूह के माध्यम से महिलाओं को लखपति बनाने का कार्य हो ऐसी बहुत सी योजनाए है जिनका प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से महिलाओं को लाभ मिल रहा है जिस प्रदेश की महिलाएं धामी सरकार से बहुत खुश हैं और मुझे उम्मीद है कि यह नारी शक्ति वंदन महोत्सव एवं मुख्य बाजार रुद्रपुर में होने वाला रोड शो जरूर ही ऐतिहासिक होगा। इस अवसर पर भाजपा गदरपुर मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना विधानसभा विस्तारक खिमानंद जोशी निवर्तमान मंडी समिति अध्यक्ष सुभाष गुंबर भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश हुड़िया वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक हुड़िया एवं राजेश गुंबर मिनी ,अनिल जेटली ,अभिषेक वर्मा ,संजय चौधरी ,रविंद्र सिंह औजला, निर्मल नारंग ,नवीन खेड़ा, राजकुमार मिगलानी ,सूर्यभान गुप्ता ,सतीश छाबड़ा ,अशोक छाबड़ा,त्रिलोक कंबोज ,मनोज गिरी ,परमजीत सिंह पम्मा ,कपिल कुमार ,अरविंद पाल, जसवीर चीमा ,ज्योति, हैप्पी चंद्रा ,पूनम ग्रोवर, रेखा गुप्ता ,चिंतन अरोड़ा ,बकुल अरोरा, विशु अरोड़ा, जगदीश दिवाकर ,हरलोक नामधारी ,किशन गुप्ता ,सैफ अली सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।



## किच्छा में बाईक की टक्कर से टुक-टुक पलटा मासूम बच्चे की मौत, पिता घायल

किच्छा। किच्छा में तेज रफ्तार बाइक सवार शराब तस्कर ने सोमवार को एक टुक-टुक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टुक-टुक पलट गया और टुक-टुक चालक के दो साल के मासूम बेटे की मौत हो गई जबकि डायलिसिस पर जी रहा पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। डॉक्टरों ने चालक को हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं, दुर्घटना के बाद शराब तस्कर बाइक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने बाइक से शराब की थैलियां बरामद कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। ग्राम इगरा थाना बहेड़ी जिला बरेली निवासी नंद किशोर पुत्र मनोहर लाल टुक-टुक चलाकर अपने परिवार का लालन पालन करता है। नंद किशोर के गुर्दे खराब होने के कारण उसे डायलेसिस करवाना पड़ता है। सोमवार को उसे रुद्रपुर के जिला अस्पताल में डायलेसिस करवानी थी तो पत्नी सरस्वती, अपने पुत्र लक्ष्य व ईश्वर (2) को भी अपने साथ अपने टुक-टुक पर ले जा रहा था। बताया जा रहा है कि सिरसा थाना बहेड़ी की पुलिस चौकी के निकट उसके टुक-टुक को पीछे से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टुक-टुक पलट गया और उसमें बैठे दो साल के मासूम ईश्वर की मौत हो गई, जबकि खुद नंद किशोर बुरी तरह घायल हो गया। दुर्घटना के बाद बाईक सवार मौके से फरार हो गया। दुर्घटना के बाद एक कार चालक ने सभी को सीएचसी पहुंचाया जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद नंद किशोर को हायर सेंटर रैफर किया। सिरसा थाना बहेड़ी जिला बरेली पुलिस चौकी के प्रभारी कुशल पाल ने बताया कि बाइक से करीब 12 थैली कच्ची शराब मिली है। अनुमान है कि बाइक सवार शराब तस्कर शराब सप्लाई करने के बाद आ रहा होगा। सूचना पर मृतक के परिजन सीएचसी पहुंचे परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## चरस के साथ एक युवक गिरफ्तार

हल्द्वानी। पुलिस ने एक युवक को चरस के साथ गिरफ्तार किया है। आारोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया। काठगोदाम थाना पुलिस खेड़ा गौलापार क्षेत्र में गश्त पर थे। जब पुलिस कर्मी गौलापार हैलीपेड के पास पहुंचे तो एक युवक संदिग्ध हालत में घूमता हुआ दिखा। सके पाससे 315 ग्राम चरस बरामद हुई। पकडे गए युवक ने अपना नाम विक्की जोशी पुत्र खीमानंद जोशी निवासी बागजाला गौलापार बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया।

## अंकिता भंडारी की दादी का निधन

पौड़ी। सोमवार सुबह अंकिता की दादी ने घर पर ली अंतिम सांस। अंकिता के पिता वीरेंद्र भंडारी ने अपनी मां शक्ति देवी के निधन की जानकारी दी। वह 84 साल की थी। कुछ समय से बीमार चल रही थी। उन्होंने बताया कि श्रीनगर आईटीआई पैतृक घाट पर दोपहर में अंतिम संस्कार किया गया। यमकेश्वर के गंगा भोगपुर क्षेत्र में वनंत्रा रिजॉर्ट में बतौर रिसेप्शनिस्ट काम करने वाली अंकिता भंडारी की सितंबर 2022 में कथित तौर पर रिजॉर्ट संचालक पुलकित आर्य ने अपने दो कर्मचारियों सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता के साथ मिलकर ऋषिकेश के निकट चीला नहर में धक्का देकर हत्या कर दी थी। अंकिता के इस तरह से दुनिया छोड़कर चले जाने के बाद से दादी शक्ति देवी भी बुरी तरह टूट गई थी। वह अंकिता को न्याय मिलने के आस लगाए बैठी थी। घर परिवार की जिम्मेदारी के चलते अंकिता बाहर नौकरी की तलाश में आई थी। कमाई से वह परिवार को घर खर्च भेजती थी।

## लोकगायक व कॉमेडियन कलाकारों ने की सीएम धामी से भेंट

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से आज मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखण्ड के लोकगायक श्री हरू जोशी, श्री नीरज चुफाल के साथ कॉमेडियन श्री सौरभ सिंह एवं सिनेमा जगत से श्री विट्टू ममगाई, श्री अशुतोष कुमार, श्री देवेन्द्र सिंह खोलिया तथा श्री गौरव राणा ने भेंट की। मुख्यमंत्री ने युवा हुनर को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देते हुए कहा कि हमारे प्रदेश में कला और हुनर की भरमार है और हम कला और हुनर की कदर करते हैं तथा हुनरमंद युवाओं को आगे बढ़ाने में तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि हम आशा करते हैं कि हमारे युवा कलाकार आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का काम करेंगे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री गणेश जोशी सहित उत्तराखण्ड सिनेमा जगत से संबंधित लोग उपस्थित रहे।



## प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव पर सार्वजनिक अवकाश की मांग

### 21 जनवरी को गीता भवन मंदिर में होगा भव्य आयोजन

देहरादून(उद संवाददाता)। विभिन्न व्यापारी सगठनों ने एक पत्रकार वार्ता कर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से 22 जनवरी को रामलला प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव के दिन सार्वजनिक अवकाश करने की घोषणा की। पत्रकार वार्ता में डिस्ट्रीब्यूटर्स ऑफ उत्तराखंड के अध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाना चाहते हैं की 22 जनवरी को 500 साल के थकाने वाले लम्बे संघर्ष व अनगिनत बलिदानों के बाद प्रभु श्री राम जी के मूल जन्म स्थान पर भव्य मंदिर का उद्घाटन एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह होने जा रहा है। यह समारोह सनातन धर्म के इतिहास तथा इस सदी का सबसे बड़ा समारोह होगा। सभी व्यापारी , कर्मचारी भी इस समारोह को आनन्द पूर्वक, सुगमता पूर्वक बिना किसी बाधा के मना सके , इसके लिए हम आपके माध्यम से अनुरोध करते है कि इस महादिन को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाये। इस संबंध में बहुत जल्द ही मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी दिया जाएगा। व्यापारी नेताओं ने बताया कि प्रभु राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व संध्या 21 जनवरी को हम श्री गीता भवन मंदिर राजा रोड पर भव्य कार्यक्रम जिसमें संगीत मय सुंदर कांड उदित -अनुभव नारायण (सेलाकुई) द्वारा किया जाएगा। अपने नगर वासी प्रदेशवासी और देशवासियों के मंगल कामना हेतु 2100 दीपदान का आयोजन भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जो बच्चे हमारे बीच में पहुंचेंगे उन सभी के लिए श्री रामायण जी के ऊपर एक चित्र कला प्रतियोगिता रखी जा रही है। इस कार्यक्रम में करीब 600 सदस्यों एवं उनके परिवार के उपस्थित रहने की उम्मीद है। कार्यक्रम के पश्चात प्रसादम् की व्यवस्था भी 'श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव समिति' एवं उनके सहयोगी संस्थाओं द्वारा की जा रही है। पत्रकार वार्ता में डिस्ट्रीब्यूटर्स ऑफ उत्तराखंड से विवेक अग्रवाल (अध्यक्ष) महावीर प्रसाद गुप्ता अध्यक्ष महामंत्री अशोक ठाकुर ,सुरेंद्र गोयल ,राजकुमार अरोड़ा,दर्शनी गेट बाबूगंज व्यापार मंडल, दीपक गुप्ता अध्यक्ष,महामंत्री अजय अग्रवाल कोषाध्यक्ष आयुष जैन, श्री गुरु राम राय दुकानदार समिति से अध्यक्ष ,कमलजीत शर्मा महामंत्री ,अजय गर्ग कोषाध्यक्ष ,संरक्षक राजेश सिंघल, संजीव अग्रवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष विवेक सिंघल, युवा व्यापारी वेलफेयर एसोसिएशन से मनोज गोयल अध्यक्ष के साथ महामंत्री अभिषेक गोयल अनुज गोयल अजय गुप्ता, जनरल मर्चेंट एसोसिएशन से विशाल अग्रवाल एवं विभोर मित्तल नितिन सक्सेना,सीताराम शिवालय मूल चन्द एनक्लेव आईएसबीटी देहरादून, अध्यक्ष राजेश सिंघल के अलावा शहर की कई व्यापारिक संस्थाओं के प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष एवं मंत्री के साथ प्रेस वार्ता में उपस्थित रहे।



## आत्म हत्या के लिए मजबूर करने का आरोप

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। एक युवक ने उसके भाई को आत्महत्या के लिए विवश करने के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। राजकीय इंटर कालेज के निकट दुर्गा मंदिर इंदिरा नगर निवासी रिंकू गुप्ता पुत्र राकेश गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसका भाई रोहित ठेला लगाने का करता है। बीती 31 दिसंबर को उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आरोप है कि रोहित ने रामू नामक एक व्यक्ति से ब्याज पर पसे लिए थे जिस कारण से रामू उसे ब्याज का पैसा लौटाने का तकादा कर रहा था जिस कारण से रोहित मानसिक रूप से काफी परेशान चल रहा था। रिंकू का कहना है कि 24 दिसंबर को रामू ने रोहित के साथ मारपीट भी की थी जिससे वह काफी आहत था। रिकू ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## दो फरार वारंटियों को पुलिस ने दबोचा

काशीपुर(उद संवाददाता)। ऑपरेशन क्रैकडाउन के तहत चलाएं अभियान के क्रम में पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे दो वारंटियों को सूचना के आधार पर दबिश देकर गिरफ्तार करते हुए पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। जानकारी के मुताबिक ग्राम फतेहपुर बिश्नोई थाना छजलैट जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी मकबूल पुत्र बाबू तथा समीर आलम पुत्र मकबूल गाली गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे थे। पुलिस में सूचना के आधार पर डॉबीज देकर उपरोक्त दोनों को गिरफ्तार करते हुए जरूरी पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

## विद्युत चोरी में दो के खिलाफ मुकदमा

काशीपुर(उद संवाददाता)। विद्युत चोरी के आरोप में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी सुमित गिरी ने बताया कि गोपीपुरा पांडे कॉलोनी प्रतापपुर निवासी सुंदर पुत्र दुर्जन सिंह तथा यही के अश्वनी यादव पुत्र स्वर्गीय कृपाल सिंह पिछले लंबे समय से एलटी लाइन में कटिया डालकर विद्युत चोरी किया करते थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उपरोक्त दोनों के खिलाफ धारा 135 विद्युत अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया है।

# जूनियर नेशनल फुटसल चैंपियनशिप में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने जीते मैडल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। अहमदाबाद, गुजरात में अयोजित हुई 15वीं जूनियर फुटसल नेशनल चैंपियनशिप में उत्तराखंड राज्य के फुटसल खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन दिखाते हुए एक रजत पदक व एक कांस्य पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन किया है। जानकारी देते फुटसल एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के सचिव नीतीश कुमार ने बताया कि 6 से 8 जनवरी तक स्ट्राइकर्स स्पोर्ट्स अरेना सर्किल अहमदाबाद, गुजरात में इंडियन सोकर फुटसल फेडरेशन के अध्यक्ष आर एस बियानी व सेक्रेटरी रवि वर्मा की देखरेख में 15वीं जूनियर नेशनल फुटसल चैंपियनशिप आयोजित हुई। जिसमें देश भर से लगभग 15 राज्यों के अंडर 14 व अंडर 19 बालक वर्ग के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। उत्तराखंड राज्य की अंडर 14 बालक वर्ग टीम ने महाराष्ट्र टीम को सेमीफाइनल में 6-0 के स्कोर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले



में गुजरात टीम से हार का सामना करते हुए रजत पदक से संतोष करना पड़ा। अंडर 14 बालक वर्ग टीम में रूद्राक्ष बोरा, दीपेश बिष्ट, निसांत, तुसर, आकाश तपा, हर्षित टम्टा, पीयूष, राहुल तिवारी शामिल रहे। तथा अंडर 19 बालक वर्ग खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीता। जिसमें हिमांक सिंह, दीपांसु बिष्ट, अभिजित बम, सत्या परकश, दिवायंस दीक्षित, देव ध्यानी, ललित जोशी, चिराग भट्ट, सोर्या, कपिल, विनोद, राहुल, देव, मोहित शामिल रहे। ओर आगे नीतीश कुमार ने कहा कि खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर टीम वापसी पर जिला व राज्य फुटसल संघ द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित कर विजता खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिला जु-जित्सू संघ, ऊधम सिंह नगर के महासचिव ऋषि पाल भारती, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी शरद जोशी, मनोज सिंह, गोविंद परिहार, राजेन्द्र कुमार, नवनीत राव, रोहित पांडे, जगदीश भट्ट, सूर्या जलाल, किशोर सिंह, शंकर बसेरा सहित सभी खेल प्रेमी जनता ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी।

# चरस के साथ एक तस्कर दबोचा

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।एसओजी,एएनटीएफ व लमगड़ा पुलिस की संयुक्त टीम ने 1.143 किग्रा चरस के साथ 1 तस्कर को किया गिरफ्तार किया है। नवनियुक्त एसएसपी अल्मोड़ा देवेन्द्र पींचा के कमान संभालते ही थानाध्यक्ष दिनेश नाथ महंत,प्रभारी एसओजी सुनील धानिक, प्रभारी एएनटीएफ सौरभ कुमार भारती के नेतृत्व में लमगड़ा पुलिस, एस0ओ0जी0 व एएनटीएफ की संयुक्त टीम ने चेंकिग



के दौरान धौलगड़िया तिराहे के पास अभियुक्त दीवान सिंह राणा पुत्र प्रताप सिंह राणा निवासी कनवाड़ देवीधूरा के कब्जे से 1.143 किग्रा चरस बरामद होने पर थाना लमगड़ा में एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत एफआईआर पंजीकृतकर आवश्यक कार्यवाही की। एसओजी प्रभारी सुनील धानिक ने बताया कि अभियुक्त चरस को तराई की ओर ले जा रहा था, जिसका उद्देश्य उसे बेचकर लाभ अर्जित करना था। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक संजय जोशी प्रभारी चौकी मोरनौला, कांस्टेबल कानि अर्जुन लाल ,राजेश भट्ट,राकेश भट्ट ,यामीन ,विरेन्द्र सिंह आदि शामिल रहे।

# सम्मेलन में सैनी समाज की मजबूती पर दिया जोर

जसपुर (उद संवाददाता)। हीरा गार्डन में रविवार को आयोजित सैनी महासम्मेलन में जुटे विभिन्न शहरों के सैनी, शाकय, मौर्य, कुश्वाहा एवं माली स्वजातीय लोगों ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया। वक्ताओं ने सामाजिक कुरीतियों , दहेज, नशे से दूर रहकर पूर्वाजों के आदेशों पर चलने का अवाहन किया। जिलाध्यक्ष गोपाल सैनी, ब्लाक अध्यक्ष नारायण सैनी के कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगा बेटियों को पढ़ाने का अवाहन किया। महासभा ने मुख्य अतिथि व ग्राम प्रधान कासमपुर सुषमा सैनी समेत बाहर से आए अतिथयों को सम्मनित किया। अगूआई रामकुमार सैनी व संचालन चन्द्रपाल सैनी तथा शंकर सैनी ने किया। इस अवसर पर संगठन के जिलाध्यक्ष गोपाल सैनी, भारत सैनी, नारायन सैनी, वीर सिंह, राजेन्द्र सैनी, डा. विजय पाल, मदन सैनी, वेदप्रकाश, डा. सर्वेश, छत्रपाल, विरेन्द्र, प्रमोद, राजकुमारी, वीरेन्द्र सैनी, राजेश सैनी, भारती, विजयपाल, सोमपाल, प्रेमलता, संतोष, शीला व गोपाल आदि थे।

# खटीमा में जाम की समस्या बढ़ी

खटीमा (उद संवाददाता)। नगर में जाम की समस्या सुलझने का नाम नहीं ले रही है। वाहनों का दबाव बढ़ने व सिकुड़ी सड़कों के चलते एक हिस्से से दूसरे में पहुंचने में काफी समय लग रहा है। नगर के मुख्य चौक, कंजाबाग चौराहा, मेलाघाट रोड पर वाहन रैंगने को बाध्य है।। यहां सुबह से शाम तक जाम रहता है। सड़क किनारे ठेली, फड़ वालों के साथ ही वाहनों के आड़े-तिरछे खड़े होने से भी यातायात में दिक्कत होती है। इधर, टनकपुर, पीलीभीत व सितारगंज रोड पर आवागमन करने वालों को भी जाम से जूझना पड़ता है। इन मार्गो के किनारे भी अतिक्रमण व अस्थायी पार्किग ही जाम का प्रमुख कारण है। पूरे दिन वाहन सड़कों पर रेंगते रहते है। ऐसे में लोगो को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। नगरवासियों ने पुलिस प्रशासन से जाम की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। हालांकि पुलिस प्रशासन सड़क किनारे से अतिक्रमण कई बार हटा चुका है, लेकिन समस्या जस की तस है। एसडीएम रवींद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि जाम की समस्या से निपटने के उपाय किए जा रहे हैं। अतिक्रमण हटाने के लिए लगातार अभियान चलाया जाएगा।

# किच्छा में उत्तरायणी महोत्सव का आयोजन 14 जनवरी को

किच्छा(उद संवाददाता)। उत्तरांचल सांस्कृतिक समिति मकर संक्रांति उत्तरायणी पर्व पर सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन आगामी 14 जनवरी को करने



जा रही है।उत्तरांचल सांस्कृतिक समिति के पदाधिकारी एवं पूर्व अधिशासी अधिकारी महेश चंद शर्मा ने बताया कि पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी समिति की ओर से आगामी 14 जनवरी को मकर संक्रांति उत्तरायणी पर्व पर सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम मेन बाजार स्थित प्राथमिक विद्यालय प्रथम के परिसर में 14 जनवरी को प्रात: 10 बजे सेआयोजित किया जाएगा। सांस्कृतिक महोत्सव में पर्वतीय समाज के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली कई टीमें कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे जिसमें पर्वतीय समाज की संस्कृति के अलावा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

# फूला रानी के निधन पर शोक व्यक्त

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। समाजसेवी नरेश कुमार सेठ के कार्यालय पर आयोजित शोक सभा में किच्छा के वरिष्ठ समाजसेवी अशोक बाबा की बहन फूला रानी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। शोक व्यक्त करने वालों में जगदीश छाबड़ा, नरेश सेठ, मान सिंह ग्रोवर, महेन्द्र नरूला, बॉबी टुटेजा, मनोहर लाल मिगलानी, सूरज प्रकाश, सन्नी गाबा, अशोक गाबा, कवलजीत बठला, राकेश खुराना, रमेश भुसरी आदि शामिल थे।

# ट्रक खाई में गिरने से चालक की मौत

श्रीनगर। सितारगंज से गल्ला गोदाम श्रीनगर पौड़ी गढ़वाल का चावल लेकर आ रहा एक ट्रक एनएचपीसी मोड देवप्रयाग के पास खाई में गिर गया। हादसे में चालक की जान चली गई। सोमवार सुबह हादसे के खबर पर एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। चालक जगजीत सिंह (37) निवासी हरदासपुर पीलीभीत उत्तर प्रदेश की मौके पर मौत हो चुकी थी। एसडीआरएफ ने शव बाहर निकाला। चालक के परिजनों को सूचित किया जा चुका है।

# 136 पदों के लिए 10 जनवरी से आवेदन प्रक्रिया शुरू

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) ने इंटरमीडियट स्तरीय समूह ग के 136 पदों के लिए सोमवार को विज्ञप्ति जारी कर दी है। इन रिक्त पदों के लिए 10 जनवरी 2024 से आनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 30 जनवरी, 2024 निधरित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी आयोग की बेवसाइड www.sssc.uk.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। आयोग के सचिव एसएस रावत ने बताया कि इंटरमीडियट स्तर के समूह ग के रिक्त पदों में पशुधन प्रसार अधिकारी के 120 पद उद्यान एवं खाद्य प्रसस्करण विभाग के सहायक प्रशिक्षण अधिकारी (रसायन विज्ञान) के तीन पद, रेशम विभाग के अधिदर्शक/ प्रर्दशक के दस पद एवं रेशम निरीक्षक के तीन पद शमिल है। आवेदन प्राप्त होने के बाद परीक्षा कार्यक्रम जारी किया जाएगा। आयोग की वेबसाइड पर आवेदन की पात्रता एवं आयु संबंधी जानकारी दी है। अभ्यर्थी पूरी जानकारी प्राप्त कर आवेदन कर सकते है। आयोग के सचिव एसएस रावत ने यह भी बताया कि आयोग ने कर्मशाला अनुदेशक के 148 पदों के लिए पांच अक्टूबर 2021 को विज्ञप्ति जारी की थी। जिसकी लिखित परीक्षा 12 जून 2022 को की गई। इसके बाद आयोग के कुल रिक्त पदों के सापेक्ष तय आरक्षण निर्धारित किया। इसके बाद लिखित परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों को 27 अप्रैल से दो मई 2023 तक अभिलेख सत्यापन के बाद आयोग बुलाया। इसके बाद 25 अक्टूबर 2023 को औपबंधिक श्रेष्ठता सूची जारी करने के बाद कई अभ्यर्थियों ने प्रात्यावेदन प्रस्तुत किए जिनके परीक्षण के उपरांत आयोग ने 10 नवंबर 2023 को पुन: श्रेष्ठता सूची जारी की सोमवार को 120 चयनित अभ्यर्थियों की अंतिम सूची विभाग को भेजी है। आयोग ने पिछले वर्ष नौ जुलाई को दूसरी बार स्नातक स्तरीय परीक्षा ली थी। लिखित परीक्षा के बाद 16 अगस्त से 13 सितंबर 2023 तक चयनित अभ्यर्थियों के अभिलेख सत्यापन किए गए। अभिलेख सत्यापन में शामिल नहीं होने वाले 156 अभ्यर्थियों को तय तिथि के बाद सात दिन का अतिरिक्त समय दिया। जब इस निर्धारित समय में भी यह अभ्यर्थिनहीं पहुंचे तो उन्हें स्नातक स्तरीय परीक्षा से बाहर कर दिय। स्नातक स्तरीय 916 पदों के लिए ली गई थी। इस परक्षा के लिये एक लाख 46 हजार, तीन सौ 71 अभ्यर्थियोंने आवेदन किया। परीक्ष में41,353 अभ्यर्थि ही शामिल हुए। रिक्त पद छात्रावास अधीक्षक, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, मैट्रन केयर, हास्टल इंचार्ज, सहायक चकबंदी अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी, सहायक स्वागति, संरक्षक कम डाटा एंट्री आपरेटर, सुपरवाइजर (केवल महिला) के थे।

## पेज एक का शेष...

**आम चुनाव में बीजेपी...**उत्तराखंड में औद्योगिक प्रयोजन से जमीन खरीदी पर पूरी तरह मौन है। इसके अतिरिक्त पिछले दो लोकसभा चुनाव में राज्य पांच में से एक भी लोकसभा सीट जीतने में असफल रही कांग्रेस, किसी भी संसदीय क्षेत्र में आज तक कोई बड़ा आंदोलन नहीं खड़ा कर सकी। जबकि नैनीताल-उधम सिंह नगर संसदीय सीट सहित प्रदेश की अन्य संसदीय सीटों से निर्वाचित सांसद ,अपने संसदीय क्षेत्र के लिए स्वयं के बलबूते पर आज तक कोई बड़ी सौगात केंद्र से नहीं ला सके। साथ ही, धामी सरकार के दूसरे कार्यकाल के तकरीबन पौने दो साल से ज्यादा का समय बीतने के बावजूद, राज्य का प्रमुख विपक्षी दल किसी बड़े मुद्दे पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की तगड़ी घेराबंदी आज तक नहीं कर सका। ऐसे में इस प्रश्न का बड़ा होना स्वाभाविक है कि क्या कांग्रेस, लगातार तीसरी बार राज्य की पांचो संसदीय सीट भाजपा को तस्तरी में सजाकर भेंट कर देगी?

**अनियंत्रित कार ..**गए और कार में आग लग गई। आस पास के लोगों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई तथा बचाव कार्य में लग गए।सूचना पर उप निरीक्षक सतीश शर्मा को मौके पर पुलिस बल के साथ भेजा गया ।त्वरित गति से की गई कार्यवाही में दोनों घायलों को बाहर निकाला गया और सीएचसी किच्छा में भर्ती कराया गया।उन्होंने बताया कि गाड़ी में लगे सुरक्षा बैलून की वजह से बचाव हो गया जो कि गाड़ी के टकराने के साथ ही खुल गए थे। कार के अनियंत्रित होने के कारणों का पता नही चल पाया है।


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम CHANDRA GHOSH SMITA (पुराना नाम) से बदलकर CHANDRA GHOSH (नया नाम) कर लिया है। अत: भविष्य में मुझे CHANDRA GHOSH(नया नाम) W/o NIRANJAN KUMAR GHOSH के नाम से जाना पहचाना जाए।

वर्तमान पता-बैकुण्ठपुर, शक्तिफार्म, हाउस नंबर 293, वार्ड नंबर 6, शक्तिफार्म, ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड 262405


**पिता पुत्र ने लोन...** आरोप है कि लोन का साप्ताहिक कलेक्शन लगभग 12:30 लख रुपए उपरोक्त दोनों द्वारा कंपनी में जमा करने की बजाय हेरा फेरी कर हड़प कर लिया गया। सेंटरों पर विजिट करने के बाद जब मामले का पता चला तो कड़ाई से पूछताछ करने पर वरुण ने जुर्म कबूल करते हुए रुपया जमा करने की बात कही। आप है कि बीते 31 मई को वेरिफिकेशन के दौरान बगैर किसी को बताएं वरुण ऑफिस से चला गया। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। कोर्ट को दिए प्रार्थना पत्र में शिकायतकर्ता ने बताया कि रकम जमा करने के बाबत जब वह वरुण के घर पहुंचा दो खुद वरुण तथा उसके परिजनों ने रकम वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। इस मामले की लिखित सूचना 7 जून को काशीपुर कोतवाली तथा 26 सितंबर को एसएसपी को लिखित रूप में दी गई लेकिन पुलिस के अधिकारियों ने हेरा फेरी के इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं की। न्यायालय में प्रार्थना पत्र देने पर कोर्ट ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए उपरोक्त दोनों आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी के बाद हरकत में आई पुलिस में उपरोक्त दोनों के खिलाफ धारा 406 504 506 आईपीसी के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जात-पाताल शुरू कर दी।

**लकड़ी की टाल...**मौके से लगभग 50 कुंटल अवैध लकड़ी बरामद की। रेंजर मुजाहिद हुसैन ने बताया कि गदरपुर पुलिस को सूचना दे दी गई है। अवैध रूप से टाल चला रहे आरोपी को बक्शा नहीं जाएगा। जल्द ही आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कानूनी कार्वाई करवाई जाएगी। इस दौरान टीम में रेंजर मुजाहिद हुसैन, डिप्टी रेंजर कुंदन सिंह भंडारी, वन दरोगा सील कुमार, और कर्मचारी लाल सिंह व मिलकखानम पुलिस में उप निरीक्षक देवेंद्र राठी, उप निरीक्षक कमल सिंह, हेड कांस्टेबल सुनील, कांस्टेबल पुनीत सिंह आदि टीम शामिल रही।

**क्लोरीन गैस ...**तत्काल अस्पताल भेज दिया गया। बताया जाता है कि खाली प्लॉट में पड़े सिलेंडर लीक हो गए, उन्हें मौके से हटवाया गया। रेस्क्यू टीमों द्वारा मौके पर राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ करते हुए आस-पास के क्षेत्र में स्थित घरों से लोगों को रेस्क्यू पर करते हुए सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। उक्त खाली प्लॉट में गैस सिलेंडरो को किन कारणों से रखा गया था, इस संबंध में विस्तृत जांच की जा रही है। एसएसपी ने कहा कि गैस रिसाव की सूचना पर स्थानीय पुलिस के साथ एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीमें रेस्क्यू में जुट गयी। क्लोरीन गैस के सिलेंडरो को किन कारणों से उक्त स्थान पर रखा गया था, इसकी जांच की जा रही है।

**चरस के साथ...**भरण पोषण करती है।बरामदगी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है । अभियुक्ता को रिमाण्ड हेतु न्यायालय पेश किया जा रहा है।

# राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विद्यालय की 4 छात्राओ कु0 दीक्षा राजपूत, कु0 वैष्णी अरोरा, कु0 दिपाली बिष्ट, कु0 अंशिका का चयन 64वीं राष्ट्रीय हैण्डबाल अन्डर-14 प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जिन्होने दिल्ली में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। विद्यालय की 5 छात्राओं कु0 पूजा रावत, कु0 दीपिका, कु0 पलक गुप्ता, कु0 निकिता व कु0 राची दिवाकर का चयन 64वीं राष्ट्रीय हैण्डबाल अन्डर-19 प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जिन्होनें हिसार में प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। विद्यालय छात्रा कु0 आशना दास का चयन 64वीं राष्ट्रीय हॉकी अन्डर-19 वर्ग की प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जोकि दिनांक 6 जनवरी से 11 जनवरी 2024 तक जालन्धर (पंजाब) में होनी है। विद्यालय छात्रा कु0 दिया नेगी का चयन 64वीं राष्ट्रीय अन्डर-19 वर्ग की क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जोकि दिनांक 11 जनवरी से 14 जनवरी 2024 तक अहमदाबाद, (गुजराज) में होनी है। इन सभी छात्राओं के विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभागिता से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। श्री गुरूनानक शिक्षा समिति के अध्यक्ष स0 दिलराज सिंह व प्रबन्धक स0 गुरमीत सिंह व विद्यालय श्री ग्ररूनानक बालिका इण्टर कालेज के प्रबन्धा स0 परमजीत सिंह एडवोकेट व अध्यक्ष स0 सुरमुख सिंह, साथ ही प्रधानाचार्या श्रीमती प्रीति अग्रवाल व विद्यालय परिवार ने राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं को शुभकानायें देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। व उनके प्रशिक्षकों श्रीमती अजंली व क्रिकेट कोच री उत्तम सिंह के योगदान के लिये उनकी भरि-भरि प्रशंशा की गई ।


संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

ऋषिकेश। राजाजी टाइगर रिजर्व पार्क की चीला रेज में इंटरसेप्टर वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से पार्क प्रशासन के दो अधिकारियों सहित चार लोगों की मौत हो गई। जबकि पार्क की वन्य जीव प्रतिपालक चीला नहर में गिर कर लापता हो गई है। वहीं घटना में पांच अन्य लोग घायल हैं। जिनको उपचार के लिए एम्स में भर्ती किया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकेश के चीला रेंज में हुई वाहन दुर्घटना में वन विभाग कर्मचारियों की आकस्मिक मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने वाहन दुर्घटना में मारे गए कार्मिकों की आत्मा की शांति व शोक संतप्त परिवारजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। साथ ही उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की भी कामना की है। सोमवार शाम करीब पांच बजे पार्क के चीला रेंज में एक इंटरसेप्टर वाहन का ट्रायल किया जा रहा था। पार्क प्रशासन को वाहन पेट्रोलिंग व जानवरों के रेस्क्यू के लिए मिला था। ट्रायल के लिए वाहन में वन्य जीव प्रतिपालक आलोकी, वन क्षेत्राधिकारी शैलेश घिल्डियाल, उपवन क्षेत्राधिकारी प्रमोद ध्यानी, चिकित्सक राकेश नौटियाल के अलावा कुलराज सिंह, हिमांशु गोसाई, सैफ अली खान, अंकुश, अमित सेमवाल व अश्विन बीजू सवार थे। बताया जा रहा है कि वाहन चीला से ऋषिकेश की ओर आ रहा था। चीला विद्युत गृह से कुछ आगे अचानक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराया और बाद में चीला शक्ति नहर के पैराफिट से जा टकराया। पेड़ से टकराने के दौरान कुछ लोग छिटक कर खाई में जा गिरे। वहीं वाहन में सवार वन्य जीव प्रतिपालक आलोकी नहर में जा गिरी। वाहन के पीछे चल रहे एक अन्य वाहन के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस व पार्क प्रशासन को दी। साथ ही रेस्क्यू भी शुरू किया। मौके पर पहुंची पुलिस व वन विभाग के कर्मचारियों ने घायलों को खाई से निकाल कर उपचार के लिए एम्स पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने मृतक शैलेश घिल्डियाल (रेंज अधिकारी), प्रमोद ध्यानी (डिप्टी रेंजर), सैफ अली खान पुत्र खलील उल रहमान, कुलराज सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं हिमांशु गोसाई पुत्र गोविंद सिंह (वाहन चालक), राकेश नौटियाल राजाजी नेशनल पार्क, अंकुश, अमित सेमवाल (चालक), अश्विन बिजू (24 वर्ष) (चालक) शामिल हैं। वन्य जीव प्रतिपालक आलोकी लापता चल रही हैं। जिनकी तलाश के लिए एसडीआरएफ जिला शक्ति नहर में सर्च अभियान चला रही है। कुलराज सिंह व अंकुश वाहन बनाने वाली कंपनी के कर्मचारी बताए जा रहे हैं। उक्त दोनों वाहन का ट्रायल करा रहे थे। वाहन पार्क प्रशासन को आज भी मिला था। वाहन इलेक्ट्रिक था। बताया जा रहा है कि वाहन बैंगलूरू की एक कंपनी का था। वाहन अभी पंजीकृत नहीं था। वाहन में कितने लोग बैठ सकते हैं, यह स्पष्ट नहीं है। वाहन में बैठे लोगों की संख्या पर भी संशय बना हुआ है। विभाग के अनुसार वाहन में 10 लोग सवार थे। जिनमें चार की मौत हो चुकी है। पांच घायल है। और एक लापता चल रही हैं। जबकि प्रत्यक्ष दर्शियों ने दो लोगों के चीला नहर में बहने की बात कही है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि उन्होंने एक महिला व एक पुरुष को नहर में बहते देखा है। चीला मार्ग पर सोमवार शाम को बड़ा हादसा हो गया। सड़क सड़क दुर्घटना में दो रेंजरों समेत चार की जान चली गई। वाहन में पांच लोग सवार थे। घायलों को एम्स अस्पताल पहुंचाया गया। राजाजी टाइगर रिजर्व पार्क की चीला रेज में इंटरसेप्टर वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से पार्क प्रशासन के दो अधिकारियों सहित चार लोगों की मौत हो गई। जबकि पार्क की वन्य जीव प्रतिपालक चीला नहर में गिर कर लापता हो गई है। वहीं घटना में पांच अन्य लोग घायल हैं। जिनको उपचार के लिए एम्स में भर्ती किया गया है। मरने वालों में पीएमओ में तैनात एक वरिष्ठ अफसर के भाई भी शामिल हैं। मौके पर पहुंची पुलिस व वन विभाग के कर्मचारियों ने घायलों को खाई से निकाल कर उपचार के लिए एम्स पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने मृतक शैलेश घिल्डियाल (रेंज अधिकारी), प्रमोद ध्यानी (डिप्टी रेंजर), सैफ अली खान पुत्र खलील उल रहमान, कुलराज सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं हिमांशु गोसाई पुत्र गोविंद सिंह (वाहन चालक), राकेश नौटियाल राजाजी नेशनल पार्क, अंकुश, अमित सेमवाल (चालक), अश्विन बिजू (24 वर्ष) (चालक) शामिल हैं। वन्य जीव प्रतिपालक आलोकी लापता चल रही हैं।जिनकी तलाश के लिए एसडीआरएफ जिला शक्ति नहर में सर्च अभियान चला रही है। कुलराज सिंह व अंकुश वाहन बनाने वाली कंपनी के कर्मचारी बताए जा रहे हैं। उक्त दोनों वाहन का ट्रायल करा रहे थे। वाहन पार्क प्रशासन को आज भी मिला था। वाहन इलेक्ट्रिक था। बताया जा रहा है कि वाहन बैंगलूरू की एक कंपनी का था। वाहन अभी पंजीकृत नहीं था। वाहन में कितने लोग बैठ सकते हैं, यह स्पष्ट नहीं है। वाहन में बैठे लोगों की संख्या पर भी संशय बना हुआ है। विभाग के अनुसार वाहन में 10 लोग सवार थे। जिनमें चार की मौत हो चुकी है। पांच घायल है। तथा एक लापता चल रही हैं। जबकि प्रत्यक्ष दर्शियों ने दो लोगों के चीला नहर में बहने की बात कही है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि उन्होंने एक महिला व एक पुरुष को नहर में बहते देखा है। मृतक 1- शैलेश घिल्डियाल (रेंज अधिकारी) 2- प्रमोद ध्यानी (उप वन क्षेत्राधिकार) 3- सैफ अली खान पुत्र खलील उल रहमान4- कुलराज सिंह घायल 1- हिमांशु गोसाई पुत्र गोविंद सिंह (वाहन चालक)2- राकेश नौटियाल राजाजी नेशनल पार्क 3- अंकुश 4- अमित सेमवाल (चालक)5- अश्विन बिजू (24 वर्ष) (चालक) लापता 1- आलोकी (वन्य जीव प्रतिपालक) शामिल है। राजाजी टाइगर रिजर्व में कार दुर्घटना के बाद जिला प्रशासन की ओर से चीला शक्ति नहर को बंद करा दिया गया है। चीला शक्ति नहर में राजाजी टाइगर रिजर्व की वन्यजीव प्रतिपालक आलोकी के गिरने के बाद एसडीआरएफ की ओर से शक्ति नहर में सर्च अभियान चलाया जा रहा था। रात करीब 7:45 बजे प्रशासन की ओर से शक्ति नहर को बंद कर दिया गया है। पशुलोक बैराज कंट्रोल रूम से बताया गया कि शक्ति नहर को बंद कर दिया गया है, अग्रिम आदेशों तक नहर बंद रहेगी।








